
छात्रों ने यातनाएं सहकर दी थी आंदोलन को धार, रिश्तेदारों ने मुंह मोड़ा, पुलिस आधी रात घर से उठा ले जाती थी, जेल में ठूंस देती थी

# छिपकर पढ़ते थे अखबार, पुलिस पीटती थी सरेबाजार

**आपातकाल का हाल**

शैलेश अवस्थी, कानपुर

**अमृत विचार।** 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल लागू कर दिया था। इसके खिलाफ आवाज उठाने वाले विपक्षी नेताओं और छात्रनेताओं को जेल में डाला जाने लगा। आपातकाल के विरोध में छापे जाते 'जनता समाचार' और 'छात्र रणभेरी' अखबार छिपकर बांटे और पढ़े जाते थे। कोई इन्हें पढ़ता दिखा तो उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया जाता था। उस भयावह दौर में किसी को नौकरी से हाथ धोना पड़ा तो किसी को पुलिस ने सरेआम बीच सड़क पर ही धो डाला था। संकट की इस घड़ी में जेल गए कई लोगों के रिश्तेदारों ने डर से मुंह मोड़ लिया तो दोस्त भी अनजान बन गए। इन सबके बीच हजारों का हुजूम आपातकाल को लोकतंत्र की हत्या बताते हुए सड़क पर उतरा, आंदोलन किया और जेल जाने से भी बिल्कुल नहीं डरा। उस दौर में जेल गए नेताओं ने अमृत विचार से अपने अनुभव साझा किए।



आपातकाल में कानपुर जेल में यूं होता था भंडारा। (फाइल फोटो)

### इसलिए लागू हुआ था आपातकाल

- कद्दावर समाजवादी नेता राजनारायण ने हाईकोर्ट में 1971 के लोकसभा चुनाव में रायबरेली से इंदिरा गांधी की जीत को चुनौती दी थी। याचिका में उन पर सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। इसे कोर्ट ने सही मानते हुए वह चुनाव अवैध करार दिया और इंदिरा गांधी पर छह साल के लिए चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी। साथ ही कहा कि तीन हफ्ते में नया प्रधानमंत्री चुना जाए। इंदिरा के इस्तीफे की मांग को लेकर पूरे देश में विपक्ष ने जोरदार आंदोलन शुरू कर दिया। अपने राजनीतिक भविष्य पर संकट देख इंदिरा गांधी ने संसद में आपातकाल का प्रस्ताव पास करवाया और राष्ट्रपति से आदेश जारी करवा दिया। तर्क दिया कि विपक्षी नेता जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में सेना और पुलिस को भड़काकर देश में अस्थिरता पैदा कर रहे हैं। सभी नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए गए और केंद्र सरकार सर्वशक्तिमान हो गई। विपक्षी नेता जेल में डाल दिए गए और तब इंदिरा गांधी अपने पद पर बनी रहीं।

### बहन की मृत्यु पर मुश्किल से मिली थी दो घंटे की रिहाई



मुझे मेरे साथियों सहित गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया था और कुछ दिन बाद बनारस जेल भेज दिया गया। देशद्रोह यानि मीसा ठोक दी गई। सदमे में बहन की हार्टअटैक से मृत्यु हो गई, लेकिन फिर भी रिहा नहीं किया गया। बड़ी मुश्किल से मात्र दो घंटे के लिए पेरोल पर छोड़ा गया तो बहन के अंतिम संस्कार में शामिल हो सका था। उस समय उत्पीड़न की हद थी और चौतरफा भय व्याप्त था।

–शिव कुमार बेरिया, सपा नेता एवं पूर्व मंत्री

### डीएवी कालेज में सुतली बम फोड़ा फिर पुलिस ने जमकर तोड़ा



मैं डीएवी कालेज का छात्रसंघ उपाध्यक्ष और संघ से जुड़ा था। अशोक सिंहल के आदेश पर कालेज में सत्याग्रह के लिए पहुंचा, सुतली बम फोड़ा और इंदिरा गांधी विरोधी नारे लगाए। भारी पुलिस बल आया और बुरी तरह पीटकर जेल में डाल दिया था। तीन महीने बाद चलने के काबिल हुआ। देशद्रोह सहित कई धारायें लगाई गईं, डर से नाते-रिश्तेदारों ने मुंह मोड़ लिया, लेकिन झुके नहीं।

–रामदेव शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं स्वयंसेवी

### पांच महीने की सजा भुगती और पिटे भी



उस दौरान मैं भारतीय विद्यालय छात्रसंघ का महामंत्री था और विद्यार्थी परिषद के लिए काम करता था। इंदिरा गांधी विरोधी नारे लगाने के कारण मुझे गिरफ्तार किया गया था। मैंने अदालत में आरोप स्वीकार करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी राष्ट्र नहीं हैं, उनके खिलाफ नारे राष्ट्रद्रोह कैसे हो सकता है। तब मुझे पांच महीने की सजा सुनाई गई और मैंने उसे भुगता भी। छात्र नेताओं ने ही उस आंदोलन को धार दी और बड़ी संख्या में वे जेल गए थे।

–कौशल किशोर शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता

### इंदिरा गांधी के कार्यक्रमों का परचा फाड़ा, नौकरी गई



मैं स्वयंसेवक संघ से जुड़ा था। देर रात पुलिस आई और मुझे इस तरह उठा ले गई, जैसे डकैत हों। पहले थाने, फिर जेल में खूब प्रताड़ित किया गया। मेरे ससुर ने मुझसे कहा कि इंदिरा गांधी के 20 सूत्री कार्यक्रमों के पर्चे पर समर्थन के दस्तखत कर दो तो नौकरी बच जाएगी। उनके लिहाज से दस्तखत तो कर दिए, लेकिन उन्होंने मेरे तेवर और गुस्सा देख परचा वहीं फड़वा दिया। मेरा परिवार बहुत अभाव में आ गया था, लेकिन हम झुके नहीं।

–सोम नारायण शुक्ला, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष

### दु:ख और अभाव के बीच कर्तव्य की खुशी भी



मैं जनसंघ से जुड़ी थी और मुझे गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया था। मेरे साथ मेरी तीन साल की बच्ची नीलिमा भी जेल गई। परिवार की चिंता, अभाव और दु:ख के बीच देश प्रेम और कर्तव्य निर्वहन के संस्कार ने अवसाद खत्म कर दिया और खुश होकर जेल में जूलुस में शामिल होती। इंदिरा गांधी विरोधी नारे लगाती और अपने साथियों के काम में हाथ बंटाती थी।

–प्रेमलता कटियार, भाजपा नेत्री एवं पूर्व मंत्री

### कांग्रेसी बप्पा की नाक में टीन का बिल्ला मारा



मेरे पिता गौरीशंकर जी गिरफ्तार किए गए तो मुझे गुस्सा था। घर चलना मुश्किल था। तभी मोहल्ले के पान वाले बप्पा ने चिढ़ाने के लिए मुझे कांग्रेस का टीन का बिल्ला दिया तो मैंने उसे उसकी नाक में फेंक कर मारा। उसकी नाक फट गई, खून निकलने लगा और फिर पुलिस आई। मैं पांच साल का था तो छोड़ दिया गया। पिता जी की नौकरी चली गई तो घर में भोजन के लाले पड़ गए।

–अनूप अवस्थी, भाजपा नेता एवं मीडिया प्रभारी

### पिता जी को रोक खुद दी गिरफ्तारी



मेरे पिता जी स्वयंसेवक संघ से जुड़े थे और वह गिरफ़्तारी की जिद पर अड़े थे, लेकिन घर कैसे चलता। हम उन्हें समझा कर आंदोलनकारियों की टोली में शामिल हो गए और विजयनगर चौराहे पर गिरफ्तार कर लिए गए। पुलिस हमें बेइज्जत करती थाने ले गई, फिर जेल भेज दिया, लेकिन जोश कायम रहा। लोकतंत्र की रक्षा जरूरी थी।

–प्रकाश चंद्र शुक्ला, स्वयंसेवी एवं कारोबारी



एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर चंद्रशेखर एन का स्वागत करतीं निदेशक प्रो .सीमा परोहा।

## सीखने और सिखाने की प्रक्रिया जरूरी

**कानपुर।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के भौतिक रसायन अनुभाग में बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड के 24 कार्यकारी अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया।

इस मौके पर भारत पेट्रेलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर चंद्रशेखर एन ने कहा कि मानव जीवन में सीखना और सिखाना ऐसी प्रक्रिया है, जो मृत्युपर्यंत चलती रहती है। संस्थान की निदेशक प्रो.सीमा परोहा ने कहा कि कोई भी जानकारी या ज्ञान तभी सार्थक है, जब उसका लाभ बहुत सारे लोग उठायें। इस मौके पर डॉ.अशोक कुमार, संजय चौहान, एमके यादव, एके कनौजिया, मल्लिका द्विवेदी, अनुसंधान व विकास की महाप्रबंधक डॉ. जया रावत, वैज्ञानिक डॉ.प्रवीण समेत आदि रहे।

## एसजीपीसी टीम आई, जुटेगी देश-विदेश की संगत

- श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के शहादत समारोह की तैयारियों पर मंथन
- श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार, राज्यपाल, कई पूर्व जस्टिस को न्यौता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्री गुरु सिंह सभा कानपुर महानगर के द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350 वें शहादत दिवस को अंतराष्ट्रीय समारोह बनाने की तैयारियों में जुटी है ताकि देश विदेश की संगत इस समारोह में शिरकत करे। इसीक्रम में मंगलवार को दिल्ली से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की टीम कानपुर पहुंची और समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक करके आगे की रणनीति तय की।

मंगलवार को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के उत्तर प्रदेश सदस्य अजीब सिंह, हापुड़ इंचार्ज ब्रिजपाल सिंह, गुरुद्वारा गुरु का ताल, आगरा से बाबा राजिंदर सिंह (आगरा वाले) एवं गोरखपुर से तेजपाल सिंह कानपुर पहुंचे और श्री गुरु सिंह सभा, कानपुर महानगर के पदाधिकारियों एवं कई सभा पदाधिकारियों के साथ बैठक की।



एसजीपीसी टीम के साथ समारोह पर चर्चा की गई। अमृत विचार

श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी पर्व के अवसर पर आगामी 23, 24 और 25 नवम्बर 2025 को भव्य धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। श्री गुरु सिंह सभा कानपुर महानगर के चेयरमेन एवं पूर्व एमएलसी सरदार कुलदीप सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा कीर्तन गढ़, तेग बहादुर नगर से तीन दिवसीय धार्मिक यात्रा 7 नवंबर को रवाना होगी। इसमें 1000 की संगत शामिल होगी। मंडलायुक्त इसे हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि डिब्रूगढ़ (असम) से श्रद्धालुओं की एक विशाल यात्रा निकलेगी जो इलाहाबाद होते हुए कानपुर, फिर लखनऊ पहुंचेगी और अंत में आनंदपुर साहिब तक जाएगी। इस ऐतिहासिक यात्रा के स्वागत और उसमें भागीदारी के लिए सिख समाज से उत्साहपूर्वक योगदान देने की अपील की गई। इस बैठक में श्री गुरु सिंह सभा कानपुर महानगर के प्रधान सरदार सिमरनजीत सिंह, श्री गुरु सिंह सभा लाटूश रोड के प्रधान सरदार हरविंदर सिंह लार्ड, गुरुद्वारा कीर्तनगढ़ के प्रधान हरजीत सिंह, गुरुद्वारा बाबा नामदेव जी के प्रधान सरदार नीतू सिंह, पंथ दर्दी विचार मंच के प्रदान राजिंदर सिंह, मीतू सागरी, प्रिंस वासु, सुखप्रीत सिंह बंटी, गुरविंदर सिंह आदि थे।

## सार-संक्षेप

### फैमिली आईडी बनाने व छात्र नामांकन बढ़ाने पर जोर

**कानपुर।** चुन्नीगंज स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में मंगलवार को डीआइओएस डॉ. संतोष कुमार राय ने प्रधानाचार्य व व प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की, जिसमे उन्होंने सभी शिक्षकों की फैमिली आईडी बनाने और विद्यालय में छात्र नामांकन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। पहले से आवंटित क्षेत्रों व विकासखंडों में ब्लाक प्रभारियों के रूप में आवंटित माध्यमिक विद्यालयों में फैमिली आइडी बनाने की रिपोर्ट तैयार करने को कहा। विद्यालयों में अध्ययनरत वर्तमान छात्र संख्या व छात्र संख्या में वृद्धि के संबंध में किए जा रहे प्रयास व राजकीय माध्यमिक विद्यालयों से सेवानिवृत्त हुए शिक्षक व शिक्षिकाओं के सेवानिवृत्ति के लाभों के निस्तारण की स्थिति के बारे में चर्चा की।

### राजेश वर्मा बने उप शिक्षा निदेशक

**कानपुर।** माध्यमिक शिक्षा विभाग में राजेश वर्मा को उप शिक्षा निदेशक शासन स्तर से नियुक्त किया गया, वर्तमान में राजेश वर्मा कानपुर मंडल मुख्यालय में एडी बेसिक की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उन्होंने चुन्नीगंज स्थित उप शिक्षा निदेशक कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया। वहीं, डीआईओएस डॉ. संतोष कुमार राय को डायट नर्वल में प्रधानाचार्य पद की जिम्मेदारी मिली।



लोको पायलट को सम्मानित करते डीआरएम दीपक कुमार। अमृत विचार

### लोको पायलट अमित एम्प्लाई ऑफ द मंथ

**कानपुर।** झांसी मंडल के अंतर्गत कानपुर-बांदा रेलखंड पर गाड़ी संख्या 64602 के लोको पायलट अमित कुमार ने अपनी ड्यूटी के दौरान अत्यंत सतर्कता एवं जिम्मेदारी का परिचय देते हुए टूटी पटरी से बड़ा हादसा बचा लिया। इसके लिए मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा ने लोको पायलट अमित कुमार को एम्प्लाई ऑफ द मंथ सम्मान से नवाजा। झांसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि 8 मई 2025 को पतारा-घाटमपुर खंड में गाड़ी संचालित हो रही थी, उसी दौरान ट्रैक पर कार्यरत की-मैन द्वारा लाल झंडी दिखाए जाने पर अमित कुमार ने तुरंत आपात ब्रेक लगाकर गाड़ी को सुरक्षित रूप से रोक दिया।

## पैकियों के कई खलीफा मैदान में, नहीं उठेगा जुलूस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** करबला के मैदान में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन के दूत के रूप में निकलने वाले निशान-ए-पैक का जुलूस इस बार भी नहीं उठेगा। इस निशान-ए-पैक के पीछे 50 हजार से 70 हजार पैकी हर साल बड़ी करबला नवाबगंज तक दौड़ते हैं।

### क्यों बनते पैकी, कब होती कमर बंधाई

मोहर्रम की 5 तारीख को हजरत इमाम हुसैन के दूत के रूप में पैकी बनते हैं। इसके लिए इमामबाड़े पर खलीफा कमर बंधाई करते हैं। उसके बाद फातिहा होती है, फिर पैकी तैयार हो जाते हैं। ये पैकी मोहर्रम की 10 तारीख तक नंगे पांव रहते हैं, चारपाई पर नहीं सोते हैं। मोहर्रम की सात तारीख को उठने वाले मेंहदी जुलूस के पीछे 50 हजार से अधिक पैकी उलटे पांव चलते हैं। मोहर्रम की 9 तारीख को हीरामन पुरवा से निशान-ए-पैक निकलता है जिसके पीछे सारे पैकी दौड़ते हैं। ये जुलूस विभिन्न रास्तों से होते हुए भोर में बड़ी करबला नवाबगंज में समाप्त होता है।

मंगलवार को निशान-ए-पैक कासिद-ए-हुसैन के खलीफा शकील अहमद, खलीफा अच्छे मियां और खलीफा नदीम अहमद ने पुलिस आयुक्त अखिल कुमार से मुलाकात की और उन्हें बताया कि इस बार पैकियों का जूलूस नहीं उठेगा। पैकियों के खलीफाओं की संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था आशुतोष कुमार, अपर पुलिस आयुक्त अभिरक्षा महेश कुमार एवं राजेश कुमार के साथ बैठक हुई। पुलिस आयुक्त ने एक कमेटी गठित की है जो समीक्षा करेगी। बताते चलें कि पैकियों का खलीफा होने का दावा कई लोग कर रहे हैं, ये मामला कई वर्षों से अदालत में है जिसके चलते जुलूस नहीं निकल पा रहा है। उधर खलीफा अच्छे मियां ने बताया कि पैकियों का जुलूस नहीं निकलेगा। इमामबाड़ों पर फातिहा होगी और कमर बंधाई भी की जाएगी। खलीफा ने बताया कि निशान-ए-पैक इमामबाड़ों पर रहेगा लेकिन जुलूस की शकल में नहीं जाएगा।

## केस्को एमडी के खिलाफ पोस्टर, बैनर लगवाएंगे

**कानपुर।** केस्को एमडी चाहे जितने मुकदमें कर दें, जनता की आवाज को दबाया नहीं जा सकता है। बिजली कटौती रोकने, फास्ट ठीक कराने के बजाय केस्को एमडी मनमानी कर रहे हैं, फेसबुक पर पीड़ित ने बिजली की समस्या लिख दिया तो उसपर मुकदमा कर दिया गया। ये कौन सा इंसाफ है। तुरंत इस मुकदमे को वापस नहीं लिया तो एमडी के खिलाफ शहरभर में पोस्टर, बैनर लगवाए जाएंगे।

मंगलवार को कानपुर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन गुप्ता ने ये बात कही। तिलक हाल में आयोजित बैठक में अध्यक्ष ने केस्को एमडी पर की गंभीर आरोप लगाये। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि केस्को एमडी चाहे उनपर कितने ही मुकदमे लगा दें लेकिन जनता की आवाज तो कांग्रेस उठाएगी। उन्होंने बताया कि महानगर के हर वार्ड में अध्यक्ष नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब आने वाले दिनों में कानपुर के 9 वार्डों का एक मंडल बनाकर मंडल स्तरीय कमेटी गठित कर दी जाएगी। पांचों विधानसभा में 10 मंडल( 8 से 9 वार्डों के समूह) बनाकर वार्ड स्तर पर कांग्रेस को मजबूती देंगे।

**आपरेशन सिंदूर कप** सांसद रमेश अवस्थी ने प्रेसवार्ता कर बताई रूपरेखा, विपक्षी विधायकों को भी आमंत्रण

## सांसद इलेवन टीम की अगुवाई करेंगे मनोज तिवारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेना के अदम्य साहस और पराक्रम को सम्मानित करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर कप 2025 का पहला संस्करण 29 जून को ग्रीनपार्क में आयोजित होगा। इस सद्भावना क्रिकेट मैच में सांसद इलेवन और सेना इलेवन के बीच मुकाबला होगा। सांसद इलेवन में भाजपा के विधायकों के साथ ही विपक्षी विधायक भी चौके-छक्के मारते दिखेंगे। मंगलवार को मैच के आयोजक सांसद रमेश अवस्थी ने प्रेसवार्ता कर बताया कि पहलगाम हमले के बाद जिस तरह ऑपरेशन सिंदूर के जरिए देश का मान बढ़ाया, वह भारत के आधुनिकीकरण और साहस का प्रतीक है। इस आयोजन के जरिये जवानों के बलिदान और पराक्रम को सदा के लिए अमर रखना है।

ग्रीनपार्क के मीडिया सेंटर में प्रेसवार्ता कर सांसद ने बताया कि इस भव्य आयोजन में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी शिरकत करेंगे। दर्शकों के मनोरंजन के लिए भारतीय सेना का प्रसिद्ध जैज बैंड कार्यक्रम से पहले संगीतमय प्रस्तुति देगा। इसके अलावा सिविल एविएटर द्वारा आसमान से पुष्प वर्षा का नजारा देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में मशहूर सेलिब्रिटी सिंगर स्वाति मिश्रा, राम आएंगे गाने की प्रस्तुति देंगी। उन्होंने बताया कि आयोजन में प्रवेश पूरी तरह निशुल्क होगा। 15 हजार दर्शकों के लिए निशुल्क पास सांसद कार्यालय के साथ-साथ शहर के 6 केंद्रों पर उपलब्ध कराए जाएंगे। रमेश अवस्थी कहा कि सांसद इलेवन में पक्ष विपक्ष के सांसद विधायक भाग लेंगे। केंद्र एवं प्रदेश सरकार के मंत्री भाजपा के देश एवं प्रदेश के नेता इस ऐतिहासिक मैच के गवाह बनेंगे। उन्होंने बताया कि सांसद इलेवन की अगुवाई दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक कानपुर कमिश्नर अखिल कुमार होंगे।



ग्रीनपार्क का निरीक्षण करते सांसद रमेश अवस्थी। अमृत विचार

## ऑल वेदर स्टेडियम के रूप में विकसित हो ग्रीनपार्क

- सांसद रमेश अवस्थी और मंडलायुक्त के. विजयेन्द्र पाण्डियन ने की बैठक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्रीन पार्क स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए मंगलवार को सांसद रमेश अवस्थी और मंडलायुक्त के. विजयेन्द्र पाण्डियन ने बैठक के साथ ही यूपीसीए व अन्य अधिकारियों के साथ मैदान का निरीक्षण किया। सांसद ने स्टेडियम की दर्शक क्षमता बढ़ाने, ड्रेनेज सिस्टम के उन्नयन, मीडिया सेंटर के रेनोवेशन, मल्टीलेवल पार्किंग, बुजुर्ग एवं दिव्यांगजन दर्शकों के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था पर जोर दिया। सुझाव दिया कि स्टेडियम को ऑल वेदर स्टेडियम के रूप में विकसित किया जाए, ताकि वर्ष भर खेल गतिविधियां निरंतर जारी रह सकें। एक नोडल अधिकारी नामित कर खेल विभाग, यूपीसीए एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर मंडलायुक्त को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। मंडलायुक्त ने यूपीसीए को जल्द डीपीआर बनाने के साथ ही निर्माण संस्था के चयन के लिए टेंडर प्रक्रिया अपनाने की बात कही। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (नगर) डॉ. राजेश कुमार, यूपीसीए के सेक्रेटरी अरविंद श्रीवास्तव, सुरजीत श्रीवास्तव, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी भानु प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शोहदा-ए-इस्लाम जलसा 27 जून से

**कानपुर।** शहर जमीअत उलमा की ओर 27 जून से 6 जुलाई तक शोहदा-ए-इस्लाम कार्यक्रम मनाया जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक मौलाना अबू बकर हादी ने बताया कि 27 जून को शेख मरहूम लल्लन वाली मस्जिद कुलीबाजार, 28 जून को छोटी मस्जिद किदवई नगर, 29 जून को मस्जिद टीन वाली श्याम नगर, 30 जून मस्जिद महमूदा परमपुरवा, 1 जुलाई मस्जिद हुसैन ठेकेदार तलाक महल, 2 जुलाई मस्जिद मोतीमोहाल, 3 जुलाई मुसल्लह सकेरा स्टेट, 4 जुलाई मस्जिद बिलाल, मोमिन नगर, 5 जुलाई मस्जिद मूलगंज और 6 जुलाई को मस्जिद सब्जीमंडी बादशाही नाका में कार्यक्रम होंगे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र अंकित अनुरागी के गलत चाल चलन एवं अराजक तत्वों के साथ उठने बैठने को लेकर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूॅ। उसके द्वारा किये गये कार्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **कृष्णा कुमारी पुत्री मंगल निवासी – नई बस्ती, पठानपुरा राठ (हमीरपुर) उ0प्र0**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी संख्या 212073648 में मेरा नाम महेशा अंकित है, जबकि सभी आईडी प्रूफ में अनीता देवी पत्नी पुरुषोत्तम लाल माधौपुर सुल्तानपुर अरखा ऊंचाहार जिला रायबरेली दर्ज है। महेशा पत्नी पुरुषोत्तम लाल और अनीता पत्नी पुरुषोत्तम लाल दोनों ही नाम मेरे हैं। मैं दोनों नामों से जानी जाती हूं।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं Arun Pandey पुत्र राम करन पाण्डेय, निवासी– W/20, मानस नगर, अलीनगर सुनहरा, संत सांई पब्लिक स्कूल के पास, लखनऊ, उ0प्र0–226023, मेरी पुत्री Sakshi Pandey के सभी शैक्षिक दस्तावेजों (हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक आदि) में मेरा नाम त्रुटिवश – Arun Kumar Pandey अंकित हो गया है, जो कि गलत है। जबकि सत्य एवं वास्तविक नाम Arun Pandey है, जो कि आधार कार्ड नं0–45580218 8219 में दर्ज है। अतः मेरा वास्तविक नाम Arun Pandey उपरोक्त पुत्री – Sakshi Pandey के समस्त दस्तावेजों (हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं स्नातक आदि) में मान्य किया जाय।

**सूचना**

मेरा पुत्र दीपक दीक्षित गलत संगत में पड़ गया है। इस कारण मैंने उससे सम्बंध विच्छेद कर लिए। यदि उससे कोई किसी प्रकार का लेन देन करता है। तो वह इसका स्वयं जिम्मेदार होगा। मैंने उसे अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। **विजय कुमार पुत्र रघुवीर सहाय, निवासी– 89 यमुना विहार कालोनी – करनपुरा , इटावा**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **सिमरह सिद्दीक पुत्री उमर सिद्दीक तबरेज, निवासिनी–544क/44 सरदार नगर कैम्पवेल रोड, बालागंज लखनऊ,** मेरी सही एवं वास्तविक जन्मतिथि 11–02–2010 है जोकि आधार कार्ड पर भी अंकित है। लेकिन मेरे हाईस्कूल के शैक्षिक अभिलेखों में त्रुटिवश मेरी जन्मतिथि 10–02–2010 अंकित हो गयी है जो गलत है। अतः मेरी सही एवं वास्तविक जन्मतिथि हाईस्कूल के शैक्षिक अभिलेखो में दर्ज किया जाय।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र सैयद रजा का चाल–चलन ठीक नहीं है। वह मेरा भरण पोषण नहीं करता है और आए दिन झगड़ा लड़ाई करता है। जिससे तंग होकर मैं उसे अपने संपूर्ण चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उनके किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई भी वास्ता सरोकार नहीं होगा। **अहमद रजा पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद राजा निवासी – मोहल्ला बमपुलुस, कस्बा व थाना एवं तहसील– करनैलगंज जिला गोंडा**

**आज का मौसम**

तेज हवाओं, गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है ।

33.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 17 | सूर्यास्त 07 : 05

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# हैलट इमरजेंसी के रेड जोन में आग, मरीजों में चीख-पुकार

## पंखे में आग से मचा हड़कंप, मरीजों को रेड जोन से वार्ड नंबर एक में किया गया शिफ्ट


मेडिकल कालेज के अधिकारियों ने किया निरीक्षण। अमृत विचार



कर्मचारियों ने उपकरण सुरक्षित किए। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हैलट अस्पताल की इमरजेंसी में मंगलवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब रेड जोन में लगे एक पंखे में अचानक आग लग गई। पंखे को जलता देख पास में भर्ती मरीज के तीमारदारों में चीखपुकार मच गई। मौके पर मौजूद कर्मचारियों, डॉक्टरों, स्टाफ व इमरजेंसी पीआरओ ने मरीजों को बेड सहित रेड जोन से बाहर निकाला और उनको वार्ड नंबर एक में शिफ्ट किया। कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया, इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और छानबीन की।

हैलट अस्पताल के रेड जोन के बेड नंबर 12 के ऊपर पंखा लगा था, जिसमे सुबह करीब साढ़े आठ बजे के बाद अचानक आग लग गई। जब आग लगी तो तब बेड नंबर 12 पर पंखे के नीचे यशोदा नगर निवासी माला गुप्ता भर्ती थीं और बगल में फत्तेहपुर निवासी वंश भर्ती थे। पंखे में आग लगने पर मरीजों-तीमारदारों में चीखपुकार मच गई और तीमारदार अपने-अपने मरीजों को आग से बचाने का प्रयास करने लगे। कर्मचारी, इमरजेंसी पीआरओ, डॉक्टर व स्टाफ ने तीमारदारों और मरीजों को उस स्थान से बेड समेत हटाया। साथ ही रेड जोन में भर्ती सभी मरीजों को वार्ड नंबर एक में शिफ्ट किया। इसी बीच कर्मचारियों ने पंखे पर लगी आग पर अग्निशमन यंत्र की मदद से काबू पाया। रेड जोन में आग की सूचना पर जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला और हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह मौके पर पहुंचे और स्टाफ से घटना की जानकारी ली। मरीजों व तीमारदारों से वार्ता की। प्राचार्य प्रो.संजय काला के मुताबिक सिर्फ पंख जला है, सभी मरीज, तीमारदार व उपकरण सुरक्षित हैं। मरीजों को वार्ड नंबर एक में शिफ्ट कर इलाज किया गया। जब स्थिति नियंत्रण में आ गई तो उनको रेड जोन में वापस लाया गया।

## विजय नगर से दादा नगर तक भीषण जाम

**कानपुर।** मंगलवार को विजय नगर से दादा नगर तक भीषण जाम लगा रहा जिससे हजारों लोग परेशान रहे और वाहनों की लंबी लाइन लगी रही। उमस भरी गर्मी में लोग बेहाल हो गए।

विजय नगर से दादा नगर की ओर यातायात दो प्रकार से फंसता है, एक मेट्रो का काम चल रहा है और दूसरा दादा नगर ब्रिज के समानांतर पुल तैयार हो रहा है। इसके अलावा दादानगर से विजयनगर की ओर आने वाली लेन पर मेट्रो ने खोदाई करके मिट्टी डाल दी है जिससे बारिश में दलदल हो गया है। इसमें वाहन फंस जाते हैं। इससे बचने के लिए राहगीर इस लेन पर नहीं चल रहे। आने-जाने वाला ट्रैफिक एक ही लेन पर चल रहा है जिससे जाम लगता है। इसी वजह से मंगलवार को जाम लगा रहा।

इसी प्रकार घंटाघर से टाटमिल जाने वाला मुख्य मार्ग भीषण जाम की चपेट में रहा जबकि जूही खलवा पुल भी जाम में फंसा रहा। शाम छह बजे परमपुरवा की ओर मुड़ने वाले वाहन और जूही नहरिया की ओर से आने वाले वाहन आपस में फंसे रहे। जरीब चौकी, गुमटी नंबर पांच, कोकाकोला क्रासिंग पर भी गेट बंद होने के कारण शाम साढ़े पांच बजे भीषण जाम लगा। कालपी रोड भी जाम की चपेट में आया।

# मेट्रो ने तोड़ी पेयजल लाइन, जलापूर्ति ठप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **शास्त्रीनगर की तीन गलियों में भरा गंदा पानी**

**अमृत विचार।** मेट्रो के कार्य के दौरान विजयनगर के पास खोदाई में पेयजल लाइन तोड़ दी। इससे शास्त्रीनगर की तीन गलियों में भीषण जलभराव हो गया। साथ ही करीब पांच हजार की आबादी के घरों में पानी की आपूर्ति ठप हो गई।

मेट्रो विजयनगर से डबल पुलिया तक निर्माण कार्य करा रहा है। मंगलवार को खोदाई के दौरान गल्ला मंडी चौराहा के पास जल निगम की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इससे हजारों लीटर पानी सड़क पर बहने लगा। सामने पट्टी पर शास्त्रीनगर की तीन गलियां पानी भरने से तालाब में तब्दील हो गई।

> ऊंचा पार्क, शास्त्री नगर स्थित जेडपीएस से पानी की आपूर्ति बंद करा दी गई है। रात तक पेयजल लाइन जोड़ दी जाएगी।
> 
> –अनुराग सिंह, अवर अभियंता, जल निगम

क्षेत्रीय लोग घरों में कैद होकर रह गए। वार्ड-91 के पार्षद विनोद गुप्ता ने बताया कि जानकारी पर मौके पर गए और जल निगम के अधिकारियों को बताया। उन्होंने मरम्मत कराने का आश्वासन दिया है। साथ ही इस संबंध में मेट्रो के अधिकारियों को भी जानकारी दी है।

## तरणताल में गार्ड से मारपीट, रिपोर्ट

**कानपुर।** नानाराव पार्क स्थित तरणताल में अवैध वसूली कर लोगों को प्रवेश देने का विरोध करने पर स्विचमैन व बाबू ने गार्ड को पीट दिया। गार्ड की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र में नानाराव पार्क स्थित तरणताल का संचालन नगर निगम करता है। तरणताल पर सेना से सेवानिवृत्त धर्मेंद्र सिंह सुपरवाइजर व गार्ड हैं। आरोप है कि बीती 11 जून को स्विमिंग पूल में स्विचमैन राकेश पैंथर के दोस्त के बच्चे नहा रहे थे। आरोप है कि जब बच्चे स्विमिंग पूल में थे, वह समय सरकारी नियमों के तहत नहीं था। वहीं राकेश लोगों से पैसा लेकर उन्हें प्रवेश दे रहा था। जिसका धर्मेंद्र के साथ सुरक्षा गार्ड सर्वेश कुमार, महेश चंद्र व विजय पाल ने विरोध जताया। इस पर राकेश ने बाबू महेश चंद्र गुप्ता व 10-12 लोगों के साथ मिलकर धर्मेंद्र के साथ गाली-गलौज व मारपीट की।

## एक नजर

### घर के बाहर चबूतरे पर मिला युवक का शव

**कानपुर।** बिठूर के बहलोलपुर मंधना में मंगलवार सुबह राजेश द्विवेदी के घर के चबूतरे पर 45 वर्षीय युवक का शव मिला। सूचना पर मंधना पुलिस मौके पर पहुंची। काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। युवक के पैर में काफी सूजन है। शरीर पर हल्के नीले रंग की चेकदार शर्ट और भूरे मटमैले रंग की पैंट है। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार युवक को आसपास घूमते देखा गया है।

### नशेबाजी के विरोध पर सिर पर ईंट मारी

**कानपुर।** हरवंश मोहाल में घर के बाहर बैठकर शराब पी रहे युवक को मना किया तो महिला से गाली-गलौज की और उसके बेटे के सिर पर ईंट मारकर घायल कर दिया। मथुरी मोहाल निवासी स्व. देवनारायण की पत्नी गोमती मिश्रा के अनुसार बीती 20 जून की शाम हर्ष नामक युवक उनके घर के सामने नशेबाजी कर रहा था। विरोध जताते हुए उसे जाने को कहा तो उसने गाली-गलौज की। बेटे ने नाराजगी जताई तो युवक ने उसके सिर पर ईंट मारकर घायल कर दिया और धमकी देकर भाग निकला। महिला ने आरोपी युवक के हरवंश मोहाल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### बर्तन कारोबारी के यहां जीएसटी का छापा

**कानपुर।** सीजीएसटी टीम ने मंगलवार को शहर के एक बड़े बर्तन कारोबारी के यहां छापेमारी की। छापेमारी के दौरान हूलागंज स्थित ऑफिस और कोयला नगर स्थित गोदाम में सघन जांच की गई। कार्यालय और गोदाम को पूरी तरह से बंद कर जरूरी कागजात की जांच की गई। कार्यालय और गोदाम में कार्यरत कर्मचारियों को भी बाहर जाने नहीं दिया गया। टीम की ओर से कार्यालय और गोदाम में लगे डिवाइस की भी जांच की गई। इसके अलावा लैपटॉप कंप्यूटर और मोबाइल को भी जांच के दायरे में लाया गया।

### सबस्टेशन का फोन चोरी

**कानपुर।** विकासनगर सब स्टेशन का सरकारी फोन उपभोक्ताओं की भीड़ में मौजूद चोर चोरी कर ले गए। सबस्टेशन के जूनियर इंजीनियर केसा कालोनी निवासी राम कुमार ने नवाबगंज थाने में चोरी की शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज कराई है। जेई के अनुसार बीती नौ जून को सब स्टेशन में भीड़ अधिक होने के कारण किसी ने फोन कर चोरी कर लिया।


अवैध निर्माणों को तोड़ता बुलडोजर। अमृत विचार

# तालाब के ऊपर बने मकानों पर चलाया गया बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


मौके पर अधिकारी। अमृत विचार

- **जरौली में तालाब की भूमि पर बन गए थे पक्के निर्माण, केडीए ने की कार्रवाई**

**अमृत विचार।** जरौली में तालाब पर बने अवैध निर्माणों पर मंगलवार को केडीए का बुलडोजर चला। दो स्थानों पर बने कच्चे पक्के निर्माणों को केडीए ने तोड़ दिया। अधिकारियों के अनुसार 35 करोड़ रुपये की भूमि को खाली कराया गया है।

केडीए जोन 3 प्रवर्तन विभाग की टीम मंगलवार को अपनी जरौली योजना में पहुंची। यहां स्थित तालाब पर लोगों ने पक्के निर्माण बना रखे थे। जिसपर अवैध कब्जे गिराए गए। अधिकारियों ने 0.43 हेक्टेयर और 0.35 हेक्टेयर तालाब की भूमि पर हुए अवैध कब्जे को खाली कराया। इस दौरान कुछ लोगों ने विरोध करने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने उन्हें सख्ती से हटा दिया। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन जोन-3 एवं भूमि बैंक अनुभाग-3 तहसीलदार व अमीन के साथ ही थाना-बर्रा का पुलिस बल उपस्थित रहा। केडीए अधिकारियों ने कहा कि शासकीय भूमि पर कब्जा न करें, मानचित्र स्वीकृत करा कर ही निर्माण कराएं।

## युवक पर धारदार हथियार से हमला कर किया बेदम

**कानपुर।** सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी के विरोध पर ढाबे से खाना खाकर लौट रहे युवक पर एक दर्जन लोगों ने हाकी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर बेदम कर दिया। युवक को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। बिधनू पुलिस कार्रवाई कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

बिधनू के शिवगंज गांव निवासी रमेश पांडेय के 30 वर्षीय बेटा विनीत के अनुसार कुछ दिन पहले पड़ोसी गांव चौराई निवासी कविराज तिवारी ने फेसबुक और व्हाट्सएप पर चैट के दौरान अभद्र टिप्पणी की थी। जिसका उसने विरोध करते हुए जवाब दिया था। आरोप है कि सोमवार रात वह बाइक से हड़हा गांव स्थित ढाबे से खाना खाकर लौट रहा था। वह कठेरुआ गांव के पास पहुंचा ही था कि हाईवे के किनारे स्थित एक गेस्ट हाउस के पास कविराज तिवारी, रानू तिवारी, यश तिवारी ने एक दर्जन साथियों के साथ घेरकर उसे रोका और हाकी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद धारदार हथियार से सिर पर हमला कर बेदम कर दिया। विनीत के अनुसार उसके बेहोश होने पर हमलावर मृत समझकर भाग निकले। बिधनू सीएचसी में डॉक्टर ने उसे उर्सला रेफर कर दिया। बिधनू थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।


घर पर गमगीन बैठे उर्मिला के परिजन। अमृत विचार


इसी बेड में पैक किया गया था उर्मिला को। अमृत विचार

# घर पर था बड़ा बेटा तो मां की हत्या से अन्जान कैसे!

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **बीमार बताकर स्कूल नहीं गया था बड़ा बेटा, बोला घटना के समय बाहर था**
- **पुलिस हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ, जल्द खुल जाएगा मामला**
- **उर्मिला के नाम शहर और गांव में है करोड़ों की जायदाद**


उर्मिला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रावतपुर में घर के अंदर उर्मिला कटियार का गला चुनरी से कसकर बेड में पैक कर दिया गया। छोटा बेटा दोपहर में स्कूल से लौटा तो बेड से चुनरी लटकते देख बेड खोला तो अंदर मां बेसुध पड़ी मिलीं। बाद में अस्पताल में उनकी मौत हो गई। इस दौरान महिला का बड़ा बेटा घर पर ही था। छोटे बेटे ने बड़े भाई पर शक जताया है। पुलिस उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार बड़ा बेटा बीमारी का बहाना बनाकर स्कूल नहीं गया था, वह घर पर ही था। बड़े बेटे का कहना है कि वह घटना के समय घर पर नहीं था। जरूरी काम से बाहर गया था। लौटने पर जब छोटे भाई ने मां की चुनरी देखी। उसने बेड खोला तो मां के अंदर होने की जानकारी हुई।

मकान से लेकर गांव में जमीन सभी कुछ उर्मिला के नाम है। उर्मिला की बहन गीता ने पुलिस से पति रंजन पर आरोप लगाते हुए बताया कि मां की हत्या सिर्फ डांट से नाराज होकर बेटा नहीं कर सकता है। उर्मिला की मौत से मौजूदा हालात को देखते रंजन को लाभ है, क्योंकि वह वारिस बन जाएगा। गीता के अनुसार उर्मिला की कुछ

> रातवपुर में एक महिला का गला दबाकर दीवान में छिपाए जाने की सूचना मिली थी। महिला के छोटे बेटे ने बड़े पर गला दबाकर दीवान में बंद करने का संदेह जताया है, इसलिए उसे हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। – रंजीत कुमार, एसीपी कल्याणपुर

संपत्ति कई करोड़ की है। करीब डेढ़ सौ गज का तीन मंजिला मकान है। उर्मिला को ससुराल बाराबंकी में करीब दस बीघे जमीन मिली है। इन संपत्तियों की जानकारी रंजन को है। लालच में वह बहन की हत्या कर सकता है। गीता के अनुसार रंजन ने ही हत्या का प्लान बनाया होगा। वह कल रात घर आया था, उसके बाद चला गया है। बरेली का मूल निवासी है। शहर में उसके रुकने के और भी कई ठिकाने हैं।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

कल्याणपुर पुलिस के अनुसार जिस घर में यह वारदात हुई, उसके दोनों तरफ सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। दोनों कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इसके साथ ही आसपास के घरों में लगे कैमरे भी देखे जा रहे हैं। महिला का शरीर नीला पड़ गया है, सिर पर चोट के निशान हैं। वहीं बड़े बेटे से पूछताछ की जा रही है।

**अंधेरनगरी**

**केस्को के उपभोक्ता बिजली के अनाप-शनाप बिल से परेशान, केशवपुरम सबस्टेशन में केस्को के कैंप में 200 से अधिक शिकायतें**

# पांच किलोवाट मीटर का एक माह का बिल दो लाख रुपये आया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केस्को के उपभोक्ता इसलिए सबसे ज्यादा परेशान हैं क्योंकि उनका बिजली का बिल दो व चार गुना तक आ रहा है। एक माह का बिल कई उपभोक्ताओं के घरों में 10 हजार से 12 हजार रुपये तक आ रहा है। एक सेवानिवृत्त ऑफिसर के आवास का एक माह का बिल दो लाख रुपये भेज दिया गया। सेवानिवृत्त ऑफिसर कैंप में शिकायत लेकर पहुंचे। अभियंताओं ने बिल ठीक कराने का आश्वासन दिया।

शहर में केस्को के करीब साढ़े सात लाख उपभोक्ता हैं, जिनमे से डेढ़ लाख उपभोक्ता स्मार्ट मीटर धारक हैं। उपभोक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए केस्को केशवपुरम और नौबस्ता सबस्टेशन में कैंप लगा रहा है। जहां सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर तीन बजे तक उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी जा रही हैं। उपभोक्ता सबसे ज्यादा बढ़ा हुआ बिल आने से परेशान हैं। सोलर पैनल लगवाने वाले उपभोक्ताओं के आवासों पर मीटर अभी तक अपडेट नहीं किए गए हैं। नया मीटर लगवाने के बाद उपभोक्ता के घर में बिजली का बिल नहीं पहुंच रहा है।

इसके अलावा भी कई जगहों पर रीडर बिजली का बिल जनरेट करने नहीं जा रहे हैं। केस्को प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन के मुताबिक मंगलवार को दोनों सबस्टेशन में लगे कैंप में 682 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमे से 553 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया है। 25 और 26 जून को भी दोनों सबस्टेशनों में कैंप आयोजित किए जाएंगे। बिल व मीटरिंग संबंधित समस्या का निस्तारण किया जाएगा।



केशवपुरम सबस्टेशन में आयोजित कैंप में लगी उपभोक्ताओं की भीड़। अमृत विचार

**बोले लोग**


प्रतिमाह पांच से सात हजार रुपये का बिजली का बिल आता था, लेकिन इस बार बिजली का बिल दो लाख रुपये आया। पांच किलोवाट में इतना बिल आने पर केस्को में दो बार शिकायत की जा चुकी है। –शंकर सिंह, सेवानिवृत्त जीएसटी ऑफिसर


घर में सोलर पैनल लगा है, जिसका मीटर अपडेट नहीं किया गया है। केस्को के पास आठ हजार रुपये जमा हैं, बावजूद इसके बिल का भुगतान करने के लिए कहा जा रहा है, जिसकी शिकायत करने वह कैंप में आए। –शैल कटियार, शारदा नगर


पहले घर का बिजली का बिल ज्यादा से ज्यादा दो हजार रुपये आता था, लेकिन दो बार से 12-12 हजार रुपये आ रहा है, जबकि बिजली के उपकरणों का संचालन पहले ही तरह हो रहा है। –सुभाष चंद्र, कल्याणपुर


मार्च माह से पहले बिजली का बिल दो हजार रुपये से ज्यादा नहीं आया है, लेकिन अब दो बार से बिजली का बिल नौ हजार और 10 हजार रुपये तक आ रहा है, जबकि घर में एसी भी नहीं है, तब भी बिल बढ़ा है। –अशोक त्रिवेदी, मसवानपुर

# सरगना सहित चार पर गैंगस्टर की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **जाजमऊ, रेलबाजार व कैंट में दर्ज हैं वाहन चोरी के मामले**

**अमृत विचार।** जिले में घूम-घूमकर दो और चार पहिया वाहनों को पार करने वाले गिरोह के सरगना सहित चार शातिरों पर जाजमऊ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार आरोपियों की संपत्ति कुर्की की कार्रवाई भी होगी। झांसी निवासी सरगना परवेज अहमद जेल में है।

जाजमऊ इंस्पेक्टर अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि झांसी के नई बस्ती सिया मस्जिद कंपाउंड निवासी परवेज अहमद वाहन चोर गिरोह का सरगना है। घाटमपुर के शेखवाड़ा का शमीउल्ला खान उर्फ बबलू, कानुपर देहात के भोगनीपुर का शोएब उर्फ मुन्ना और साहिब सिद्दीकी उर्फ शीबू कबाड़ी शातिर वाहन चोर है। जो जिले में घूम-घूमकर दो व चार पहिया वाहनों को पार करते है। वाहनों को दूसरे जिले व ग्रामीण क्षेत्रों में डेंट-पेंट कर बेच देते हैं। 15 जुलाई 2024 को पुलिस ने परवेज अहमद व शमीउल्ला खान उर्फ बबलू को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोपियों के पास से चार फोरविलर समेत मास्टर की, लॉक तोड़ने के उपकरण व रुपये बरामद हुए थे। गैंग का सदस्य साहिब सिद्दीकी उर्फ सीबू कबाड़ी व शोएब उर्फ मुन्ना तब से फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। आरोपियों के खिलाफ जाजमऊ, रेलबाजार और कैंट थाने में वाहन चोरी के कई मामले दर्ज हैं।

### केडीए में सुपरवाइजर और बाहरी व्यक्ति भिड़े, बाद में सुलह

**कानपुर।** केडीए में मंगलवार को एक सुपरवाइजर और बाहरी व्यक्ति के बीच हाथापाई हो गई। कर्मचारी व अधिकारी एकत्र हो गए। बाद में मामला सचिव कार्यालय तक पहुंचा और बड़े अधिकारियों ने दोनों के बीच सुलह समझौता कराया। बताया जा रहा है कि मामला व्यक्तिगत था जिसको लेकर केडीए में हंगामा हुआ। लड़ाई की चर्चा दिनभर केडीए में रही। बताया जा रहा है कि सुपरवाइजर पहले प्रवर्तन दस्ते में तैनात था बाद में अभियंत्रण में आ गया। मामले में सचिव समेत अधिकारियों ने चुप्पी साधी हुई है।


सचान गेस्ट हाउस से शास्त्री चौक को जाने वाली सड़क ऐसी है। अमृत विचार


सीटीआई चौराहा गोविन्द नगर से शास्त्री चौक बर्रा को जाने वाली सड़क बदहाल।


हमीरपुर रोड को खोदकर भूल गया विभाग। अमृत विचार

# खोदते रहे शहर, बरसात से क्यों रहे बेखबर!

## खोदाई वाले स्थानों पर बारिश में दुर्दशा होगी ये नगर निगम ने नहीं सोचा

## न कोई प्लान बनाया न बैठक न मंथन, अब जवाब देते नहीं बन रहा

## कई सड़कों पर चलना दूभर, राहगीर फिसल रहे, वाहन दलदल में फंस रहे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में उत्तर क्षेत्र हो या दक्षिण दोनों ही जगह पेयजल लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही सीएम ग्रिड योजना के तहत सड़कों के निर्माण कार्य के लिये भी फुटपाथों पर खोदाई की जा रही है। सीएम ग्रिड योजना में तो बैरीकेडिंग लगाकर कंपनियां खोदाई कार्य कर रही हैं, लेकिन जलनिगम की कंपनियां बिना बैरीकेडिंग के ही कई सड़कों पर खोदाई कार्य जारी रखे हैं। इससे बरसात के बाद सड़कें धंस गई हैं जिससे दुर्घटना का डर बना हुआ है। राहगीर परेशान हैं कि कहां से निकलें। रात में तो खुदी सड़कों पर जान जाने का खतरा है।

शहर में खोदाई कोई नई नहीं है। महीनों से जारी है। ऐसे में बरसात को लेकर नगर निगम ने कोई प्लान नहीं बनाया। बरसात में खुदी सड़कों का क्या होगा, सड़कें मोटरेबुल हो पाएंगी या नहीं, खुदी सड़कों पर यातायात बंद हो जाएगा तो राहगीर निकलेंगे कहां से। कोई वैकिल्पक मार्ग क्यों नहीं बनाए गए। मेट्रो की खोदाई पहले से चल रही है तो पाइप लाइन की खोदाई थोड़ी टाली जा सकती थी या नहीं, इन सबपर न कोई मंथन हुआ न बैठक। अब बारिश मुसीबत बन रही तो अफसरों को जबाव देते नहीं सूझ रहा।


कोपरगंज में टूटी सड़क पर गड्ढे। अमृत विचार


देवकी चौराहे से डबल पुलिया जाने वाली सड़क खुदी पड़ी है। अमृत विचार

### अब बरसात बाद ही खोदाई होगी

- नगर निगम ने तय किया है कि अब बरसात बाद ही खोदाई होगी। सड़कों को मोटरेबुल भी करना शुरू हो गया है। जहां-जहां खोदाई कार्य पूरा हो गया है वहां सड़कें पहले बालू और गिट्टी से मोटरेबुल की जाएंगी इसके साथ गड्ढों के पास बैरीकेडिंग को सख्ती से लगाने के निर्देश दिए गए हैं। नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने अपने सभी अभियंताओं को क्षेत्रों में इसकी मॉनीटरिंग करने को कहा है।

### बर्रा और सीटीआई रोड पर चलना दूभर

- सचान गेस्ट हाउस चौराहा बर्रा से शास्त्री चौक बर्रा को जाने वाली सड़क की एक पट्टी की दुर्दशा है। यहां पाइप लाइन डालने के बाद गड्ढों को आधा-अधूरा भरकर छोड़ दिया गया है। बरसात के बाद सड़क और बैठ गई है। वहीं, शास्त्री चौक बर्रा से सीटीआई चौराहा गोविन्द नगर जाने वाली सड़क के भी बुरे हालात हैं। यहां मिट्टी के ढेर और गड्ढे राहगीरों को रास्ता रोक रहे हैं। दक्षिण क्षेत्र में बाई पास बर्रा से कर्रही को जाने वाली सड़क पर भी पानी भरा है। हमीरपुर रोड पर भी गड्ढे हैं। जिससे दुर्घटना होने का डर है।

# बहन की हत्या को नेट पर खोजा था हथियार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जेल जाने से पहले हत्यारोपी भाई ने बताया तो हैरान रह गई पुलिस

**अमृत विचार।** गोविंदनगर में 69 वर्षीय वृद्ध बहन द्रोपदी आनंद का हत्यारोपी छोटा भाई भगवानदास ने जेल जाने से पहले मंगलवार को पुलिस को और भी बहुत कुछ बताया। जिसे सुनकर पुलिसकर्मी हैरान रह गए। हालातों पर अफसोस भी आया। भगवानदास ने बताया कि बहन के कहने पर हत्या करने को राजी हो गया था, लेकिन बहन को तड़पता नहीं देख पाता। चाहता था कि बहन एक ही वार में दुनिया से चली जाए। इसी कारण इंटरनेट पर ऐसा हथियार सर्च किया, जिससे एक वार में ही उसकी सांसे थम जाए। सर्च करने पर उसे नारियल काटने वाला बांका बेहतर लगा। जिसे उसने 20 जून को 900 रुपये में खरीदकर लाया था।

हैलट से सोमवार रात डिस्चार्ज होने पर गोविंदनगर पुलिस आरोपी भगवान दास को गिरफ्तार कर थाने ले गई। भगवानदास पूरी रात हवालात में गुमसुम बैठा रहा। उसकी आंख भी नहीं लगी। मंगलवार सुबह पुलिस ने उसे नाश्ता कराया। इसके बाद पूछताछ की। तब भगवान दास ने बताया कि बीमार बहन के कारण वह रोज सीटीआई के पास से उसके लिए नारियल पानी लाता था। नारियल को दुकानदार बांके से काटता था। एक बार उसने कहा, घर ले जाकर काट लेंगे तो दुकानदार ने कहा कि चाकू से नारियल काटना मुश्किल है। एक दिन उसने दुकानदार से कहा कि बांका उसे बेच दो। इस पर दुकानदार ने 900 रुपये लेकर बांका दे दिया। उसने बताया कि सुबह करीब चार बजे उसने बहन की हत्या की थी।

जब वह गहरी नींद में थी। सोते समय सिर पर वार किए, लेकिन बहन तड़पने लगी। इस पर उसे करंट लगाकर मारने का निर्णय किया। उसके तड़पते समय ही पैरों में रस्सी बांधी। अंगूठों पर तार लपेटकर साकेट ऑन कर दिया। पुलिस ने नारियल दुकानदार को बुलाकर भी पूछताछ की तो आरोपी की बात सच निकली। गोविंदनगर पुलिस ने नारियल दुकानदार को गवाह बनाया है। मंगलवार आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### डिप्रेशन के चलते महिला ने की आत्महत्या

**कानपुर।** रेलबाजार में सोमवार देर रात महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह पति ने फंदे पर शव लटका देखा तो चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। फेथफुलगंज निवासी बासु यादव ने बताया कि उनकी 23 वर्षीय पत्नी गायत्री का काफी समय से मानसिक अस्वस्थ चल रही थीं, जिसका इलाज चल रहा था। शादी के बाद से समस्या ज्यादा बढ़ गई थी। जिस कारण व डिप्रेशन में रहने लगी थीं। काफी समझाने-बुझाने का भी असर नहीं हुआ। बासु के अनुसार उनकी दो वर्षीय बेटी अंशिका है, पत्नी उसका भी पालन ठीक से नहीं कर पा रही थी। इस कारण उनकी मां विशुन दुलारी ही बच्ची की देखभाल करती हैं। सोमवार देर रात मां अंशिका को लेकर दूसरे कमरे में सो रहीं थी। इसी बीच पत्नी ने पंखे के कुंडे से साड़ी बांधकर फांसी लगा ली। सुबह उठे और कमरे में गए तो शव लटका देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

# गिनाईं नाला-सीवर की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महापौर प्रमिला पांडेय व नगर आयुक्त सुधीर कुमार के सामने मंगलवार को नगर निगम के पार्षदों ने वार्ड की समस्याएं गिनाईं। अधिकारियों के सामने नाला सफाई और सीवर भराव की हकीकत बताई। इस दौरान महापौर ने अधिकारियों को फटकारा और एक-एक कर जवाब मांगा। जूही में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए महापौर प्रमिला पांडेय ने बुधवार को मेट्रो अधिकारियों की बैठक बुलाने के निर्देश दिए हैं। इसमें अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

नगर निगम मुख्यालय के समिति कक्ष में मंगलवार को जोन-4 व 5 में नाला सफाई के संबंध में बैठक की गई। बैठक में पार्षद नवीन पंडित ने बताया कि मेट्रो ने निर्माण कार्य के दौरान जूही में स्वदेशी मिल के पास गलत सीवर लाइन डाल दी थी। यह चोक हो गई जिससे दक्षिण के आठ वार्डों की करीब ढाई लाख की आबादी जलभराव से परेशान हैं। इस पर महापौर ने नगर आयुक्त सुधीर कुमार को मेट्रो अधिकारियों से बात कर बैठक बुलाने को कहा। इस दौरान वार्ड-15 मकरार्बटगंज के पार्षद सौरभ देव ने बताया कि मेट्रो ने पीडब्ल्यूडी आफिस के पास जाने वाली सीवर लाइन सीमेंट की बोरियों से जाम कर दी है। इस कारण सीवर लाइन चोक है। क्षेत्र में डॉ अंकुर गुप्ता, एलेन हाउस, खलासी लाइन, परशुराम वाटिका, कमिश्नर आवास के पास गली पिट क्षतिग्रस्त है। इस पर जोन-4 के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि सीवर लाइन और मेनहोल जाम है। वार्ड-49 गांधी नगर के पार्षद विवेक शर्मा ने कहा कि जरीब चौकी से वनखंडेश्वर मंदिर तक डाट नाला की सफाई नहीं हुई है। इस पर जलकल के अधिशाषी अभियंता रमेश चंद्रा ने बताया कि जलकल डॉट नाले का सफाई कार्य नही कराता है। वहां दो लाइनें हैं। नगर आयुक्त ने जोन-4 के अधिशाषी अभियंता नानक चंद्र को निर्देश दिए कि मशीन से सफाई कार्य कराएं।


पार्षद एवं अधिकारियों के साथ की बैठक करतीं महापौर व साथ में नगर आयुक्त।

### नाले से हटाए जाएंगे अतिक्रमण

- बैठक में महापौर ने जोन-4 के जोनल अधिकारी को निर्देशित किया कि चुन्नीगंज होते हुए जाने वाले नाले पर पक्के अतिक्रमण हैं, उन्हें हटाने की कार्रवाई कराए। इस दौरान वार्ड-75 सूटरगंज, वार्ड-10 बेनाझाबर, वार्ड-3 चुन्नीगंज, वार्ड-4 ग्वालटोली, वार्ड-45, वार्ड-20 फजलगंज, वार्ड-51, वार्ड-50 पनकी, वार्ड-16 परमपुरवा आदि ने भी अपने क्षेत्रों की समस्याएं उठाईं। महापौर ने अधिकारियों को 15 दिनों में इस सभी समस्याओं का निराकरण कराने के निर्देश दिए हैं।

### गोविंद नगर में सीवर भराव पर जताया आक्रोश

- **कानपुर।** गोविंदनगर में नालियों व फुटपाथ पर अतिक्रमण पर क्षेत्रीय लोगों ने आक्रोश जताया है। इस संबंध में महापौर प्रमिला पांडेय को पत्र भेजकर अतिक्रमण हटवाने की मांग की। बजरंगी, रविंदर सिंह, दीपक शुक्ला, रमेश सचदेव, ईशा मल्होत्रा आदि ने बताया कि ब्लॉक नंबर- 5 व 6 के मध्य फुटपाथ और नालियों पर अतिक्रमण कर पक्की दुकानें बना दी गई हैं। साथ ही ग्रेनाइट पत्थर लगाकर नालियों पर भी अतिक्रमण कर लिया गया है। इससे नालियों की सफाई नहीं हो पाती। सीवर का पानी सड़क पर बह रहा है। अतिक्रमण के कारण निकलने का रास्ता भी नहीं रहता है। एक माह से सीवर लाइन चोक है।

## जगुआर कार के मालिक का पता लगा रही पुलिस

**कानपुर।** बाबूपुरवा में सोमवार देर रात जगुआर कार चढ़ने से घायल मजदूर की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

किदवईनगर स्थित त्रिवेणी मार्केट के पास सोमवार रात फुटपाथ पर बांदा बदौसा के देवखेर गांव निवासी रामकुमार सो रहा था। इसी बीच तेज गति जगुआर उसके ऊपर से गुजर गई थी। चालक कार में मजदूर को फंसा देखकर गाड़ी वहीं छोड़कर भाग निकला। कार बैठी तीन महिलाओं में एक ने बताया कि कार उसके पति चला रहे थे। सूचना पर पुलिस ने घायल को केपीएम में भर्ती कराया और कार कब्जे में ली है। बाबूपुरवा पुलिस के अनुसार कार नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# सीडीओ ने जरूरतमंदों को बांटे प्रमाणपत्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दिव्यांग बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र समय पर न देने से नाराज

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने विकास खण्ड कल्याणपुर में दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन और उनके समग्र पुनर्वासन शिविरों का निरीक्षण किया। जिसमें 67 दिव्यांगजन बच्चे उपस्थित रहे। जिनका उपकरण / शैक्षणिक किट दिये जाने के लिए चिन्हित किया गया। 9 दिव्यांगता प्रमाण पत्र/यू०डी०आई०डी० कार्ड तत्काल जनरेट कराया गया और 1 आवेदन रिजेक्ट एवं 6 को जांच के लिए रिफर किया गया।

कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत 12 दिव्यांग बच्चों को सीपी चेयर एवं 21 एमआर किट, 2 दिव्यांगजन को ट्राइसाइकिल एवं बैसाखी के लिए तथा 5 दिव्यांगजन को फिजियोथेरिपी एवं कैलीपर व 6 दिव्यांगजन बच्चों को विद्यालय में प्रवेश के लिए चिन्हित किया गया। दिव्यांग बोर्ड के नामित चिकित्सक उपस्थित नहीं होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्टीकरण मांगा। खण्ड शिक्षाधिकारी कल्याणपुर तथा सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) कल्याणपुर द्वारा दिव्यांग बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र समय पर निर्गत न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। लापरवाह मिले कई अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया।

# करबला की याद में अलम, मातम, मजलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** करबला में शहीद हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत पर शुक्रवार से मातम, मजलिस, अलम जुलूस, ताजिया का क्रम शुरू होगा। मोहर्रम की पहली तारीख से 10 तारीख तक अलम जुलूस निकलेंगे।

**1 मुहर्रम:** नवाब हैदर अली खां और नवाब दुल्हा का अलम जुलूस
**2 मुहर्रम:** बाबा बदर अली का अलम बिसाती कब्रिस्तान
**3 मुहर्रम:** आशिक अली का जुलूस फूलवाली गली
**4 मुहर्रम:** हामिद व इस्माईल का अलम नई सड़क व खलासी लाइन
**5 मुहर्रम:** शाह बिरादरान व मटरू का जुलूस कर्नलगंज
**6 मुहर्रम:** रायनी बिरादरी का अलम परेड
**7 मुहर्रम:** मेंहदी जुलूस नवाब हैदर अली खां बाबूपुरवा
**8 मुहर्रम:** मन्नती अलम – जाफरिया, मकबरा
**9 मुहर्रम:** कुली बाज़ार – बड़ा बूचड़खाना आग का मातम
**9 मोहर्रम को अंजुमन मोहम्मदी** द्वारा ग्वालटोली मकबरा में आग पर मातम रात 11:30 बजे होगा कई और स्थानों पर भी आग का मातम होगा।
**10 मुहर्रम:** ताज़िया जुलूस मातमी जुलूस छोटी कर्बला और बड़ी कर्बला (नवाबगंज) तक जाएंगे।

## सार-संक्षेप


जानकारी देते वैश्य परिषद के सदस्य। अमृत विचार

### दिल्ली में मनाई जाएगी भामाशाह की 478 वीं जन्मजयंती

**कानपुर।** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद् ने दानवीर राष्ट्रभक्त भामाशाह की 478वीं जन्मजयंती 27 जून को नई दिल्ली के प्यारे लाल भवन बहादुर शाह जफर मार्ग पर राष्ट्रीय स्तर पर वैश्य शंखनाद के रूप में मनाने का निश्चय किया गया है। परिषद के मुताबिक देश में वैश्य समाज की आबादी 20 प्रतिशत है, लेकिन राजनैतिक हिस्सेदारी नगणय है। कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला व राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा सुनील बंसल व सांसद प्रवेश खण्डेलवाल को आंमत्रित किया गया है। इस दौरान नरेश महेश्वरी, अजय गुप्ता, पंकल गुपता, धर्म प्रकाश, विजय माहेश्वरी, वंदना गुपता, सरोज गुप्ता, स्वतंत्र अग्रवाल, अजय मित्तल, विनायक पोददार, अशोक व कृष्ण गुप्ता समेत आदि रहे।

### सपाइयों ने मनाया महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस

**कानपुर।** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में मंगलवार को वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर सपा कार्यकर्ताओं, पीडीए मिशन की युवा टीम व फ्रंटल संगठनों का परिचर्चा सेमिनार हुआ। नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि पीडीए मिशन में महिलाओं में विशेष जागरूकता बढ़ी है। वीरांगना के त्याग से नई पीढ़ी में कुरीतियों के प्रति हो रहे अन्याय पर एक नया संदेश परिवर्तन के लिए जाएगा। वर्ष 1564 में बलिदान दुर्गावती ने स्वयं तलवार से अपना बलिदान देकर अत्याचारियों से दूर रह एक नए इतिहास को जन्म दिया था। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, आनंद शुक्ला, महेंद्र सिंह, अर्पित त्रिवेदी, दीपक खोटे, शादाब आलम, सत्यनारायण गहरवार, सौरभ सिंह, शिवानंद गोंड, उमेश, राम प्यारे, शाह समेत आदि रहे।


नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बैठक की। अमृत विचार

### स्वच्छता के प्रति नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने दिखाए सख्त तेवर

**कानपुर।** नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर ने मंगलवार को जोनल स्वच्छता अधिकारी, जोन-4 के सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि मुख्य मार्गों के साथ-साथ संपर्क मार्गों में सफाई की जाए। धार्मिक स्थलों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर सफाई के बाद चूना छिड़काव करवाया जाए। सुबह 5 बजे से मुख्य मार्गों पर सफाई की जाए। प्रतिदिन गलीपिटों की सफाई, नाला नालियों की सफाई के साथ ही नालियों की उगी घास की भी सफाई कराई जाए। कोई भी व्यापारी कूड़ा अपने प्रतिष्ठान के बाहर न फेकें। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाले वाहनों और नगर निगम के कर्मचारी को ही कूड़ा दिया जाये।

### जलनिगम कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**कानपुर।** बकाया वेतन, पेंशन की मांग को लेकर जल निगम कर्मचारियों ने मंगलवार को यूपी जल निगम संघर्ष समिति के बैनर तले धरना दिया। बेनाझावर स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय में धरना-प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि बकाया वेतन-पेंशन देने, महंगाई भक्ता, विभाग में 7वां वेतनमान लागू करने सहित कई मांगें उठाई गई। वक्ताओं ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर कर्मचारी लंबे समय से आंदोलन कर रहे है लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन देकर टरका दिया जाता है। इस संबंध में 4 जुलाई को मंडलायुक्त कार्यालय पर भी प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया लेकिन उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नही हुई। इससे कर्मचारियों में आक्रोश है।

एक्सक्लूसिव — कौशल विकास मिशन के तहत इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग पार्टनर बनाने की फिर से शुरुआत, जुड़ सकेंगी बड़ी इंडस्ट्री

# मैन्यूफैक्चरिंग व सर्विस सेक्टर इंडस्ट्री सीधे बन सकेगी ट्रेनिंग पार्टनर

अभिषेक वर्मा, कानपुर

**03** वर्ष का टर्नओवर जरूरी होगा

**500** छात्र हर वर्ष करना होगा प्रशिक्षित

**80** फीसदी स्वयं या सहायक इकाइयों में न्यूनतम नियुक्ति

## मैन्यूफैक्चरिंग में प्रति वर्ष 100 और सर्विस सेक्टर में कार्यरत इंडस्ट्री का 50 करोड़ टर्न ओवर जरूरी

**अमृत विचार।** युवाओं के कौशल और रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यूपीएसडीएम (उप्र. कौशल विकास मिशन) में मैन्यूफैक्चरिंग व सर्विस सेक्टर क्षेत्र से जुड़ी इंडस्ट्री को प्रशिक्षण प्रदाता (ट्रेनिंग पार्टनर) बनाने की शुरुआत फिर हो गई है। मिशन की ओर से इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग पार्टनर बनाने के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इसके तहत अब शहर की औद्योगिक इकाइयों के साथ ही सर्विस सेक्टर में कार्य कर रहे होटल, हॉस्पिटल, मॉल्स व अन्य इंडस्ट्री सीधे प्रशिक्षण प्रदाता बन सकती है। ऐसी इंडस्ट्री जिसका मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में सालाना 100 करोड़ और सर्विस सेक्टर में सालाना 50 करोड़ टर्न ओवर है वह सीधे आवेदन कर सकते हैं।

निदेशालय की अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह की ओर से आईटीआई पांडु नगर के जिला समन्वयक को 23 जून को पत्र जारी किया गया है। इसमें शहर में स्थापित औद्योगिक इकाईयों को मिशन में इंडस्ट्रियल प्रशिक्षण प्रदाता के तहत जोड़ने के लिये प्रस्ताव मांगा गया है। पत्र आने के बाद कौशल विकास केंद्र ने शहर के ऐसी इंडस्ट्री की पहचान शुरू कर दी है। जो युवाओं के कौशल को निखारने का काम कर सकें, और उनको रोजगार से जोड़ सके। कौशल विकास केंद्र के जिला प्रबंधक संदीप कुमार ने बताया कि टेक्निकल, नॉन टेक्निकल और सर्विस सेक्टर तीन कैटेगरी में इंडस्ट्री पार्टनर बन सकती है। वह बच्चे अपने हिसाब से चयनित कर कोर्स के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षित कर सकती है। इसके साथ ही यूपीएसडीएम से टारगेट लेकर किसी भी जिले में प्रशिक्षण करा सकती है।


आईटीआई पांडु नगर में बने कौशल ट्रेनिंग सेंटर में आवेदन मांगे जाने लगे हैं।

### लोहिया, रिजेंसी जैसी बड़ी कंपनियां जुड़ सकेंगी

- जिला प्रबंधक संदीप कुमार ने बताया कि होटल, मॉल्स, हॉस्पिटल के साथ ही मैन्यूफैक्चर क्षेत्र से जुड़े संस्थान से संपर्क किया जा रहा है। शहर में लोहिया बड़ी इंडस्ट्री है, उनसे भी संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि कोई इंडस्ट्री को पार्टनर बनना है तो वह सीधे आईटीआई पांडु नगर स्थित कौशल प्रशिक्षण केंद्र में संपर्क कर सकता है। वह जानकारी के लिये 7905364720 पर भी जानकारी ले सकता है।

> सरकार की मंशा है कि रोजगार और स्किल को बढ़ावा मिले। जिससे युवाओं के हाथों को मजबूत किया जा सके। जो भी इंडस्ट्री आर्थिक रूप से प्रदेश को सुद्रण बनाने में योगदान दे सकती है। उसका स्वागत है। इसी क्रम में ट्रेनिंग पार्टनर के रूप में इंडस्ट्री को जोड़ने की शुरुआत हुई है।
> – संदीप कुमार, जिला प्रबंधक, यूपीएसडीएम

### ओपेन की कई स्पेशल ड्राइव

- पहली बार ट्रेनिंग पार्टनर बनाने के लिये मिशन की ओर से स्पेशल ड्राइव चलाई जा रही है। इससे पहले समय-समय पर मिशन ट्रेनिंग पार्टनर के लिये आवेदन मांगता था जो मौजूदा समय में सभी के लिए बंद है। पूरे प्रदेश में इंडस्ट्री को जोड़कर युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने के लिये अब फिर से वृहद स्तर पर आवेदन मांगे गए हैं। इससे एक और नई कंपनियां कौशल क्षेत्र से जुड़ेगी वहीं युवाओं के रोजगार के लिए नए द्वार भी खुलेंगे।

# बिजली कटौती से आजिज लोगों ने विद्युत उपकेंद्र पर बोला धावा

## विद्युत उपकेंद्र संडीला में सोमवार रात हुई घटना,एसएसओ के साथ की मारपीट, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, चौबेपुर


आक्रोशित लोगों ने की पत्थरबाजी। अमृत विचार


निकुंज कनौजिया।

**अमृत विचार।** क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती को लेकर परेशान उपभोक्ताओं का गुस्सा फूटने लगा है। सोमवार रात संडीला गांव स्थित विद्युत उपकेंद्र के अंदर जबरन घुसकर लोगों ने तोड़फोड़ करने के साथ जमकर पत्थरबाजी की साथ ही मौके पर तैनात एसएसओ के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पूर्व प्रधान समेत 6 लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कार्रवाई शुरू की है।

क्षेत्र में अघोषित विद्युत कटौती को लेकर उपभोक्ता परेशान हैं। इससे लोगों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। शासन के तमाम निर्देशों के बावजूद अधिकारी मनमानी पर आमादा हैं। यही वजह है कि 18 घंटे बिजली के सापेक्ष क्षेत्र में मात्र 4 से 5 घंटे ही आपूर्ति हो पा रही है। इधर कुछ दिनों से हालत ज्यादा ही खराब होने से उपभोक्ताओं में रोष बढ़ता ही जा रहा है। सोमवार रात संडीला गांव स्थित 11 केवीए विद्युत उपकेंद्र पर लोगों ने धावा बोल तोड़फोड़ करते हुए जमकर पत्थरबाजी की। साथ ही ड्यूटी पर तैनात एसएसओ के साथ मारपीट कर दी। विद्युत उपकेंद्र के एसएसओ निकुंज कनौजिया पुत्र परशुराम कनौजिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार रात्रि 9:30 बजे फ्यूज बांधने के लिए विद्युत आपूर्ति 5 मिनट के लिए बंद की गई थी तभी बैराठन पुरवा गांव निवासी पूर्व प्रधान दीपू चंदेल ने उन्हें फोन कर उनसे अभद्रता पूर्वक बातचीत की। कुछ ही देर में दीपू चंदेल उनका बेटा छोटू, अंकित पाल पुत्र राम शंकर, संग्राम सिंह चंदेल पुत्र पप्पू सिंह समेत दो अन्य अज्ञात लोग सब स्टेशन में लगे गेट को फांदकर अंदर घुस आए और सब स्टेशन में लगे विद्युत उपकरणों को तोड़े जाने के साथ अन्य सरकारी संपत्ति क्षतिग्रस्त करते हुए जमकर पत्थरबाजी कर दी। इसका विरोध करने पर उसे घसीट कर सब स्टेशन से बाहर ले आए और मारपीट की। शोर मचाने पर दौड़े अन्य विद्युत कर्मियों को आते देख उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकले। बताया कि मारपीट में उसकी आंख व शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। जानकारी पर थाना पुलिस मौके पर गई और वहां लगे सीसी टीवी कैमरों की फुटेज देखी। जिसमें सब स्टेशन के अंदर कुछ लोग तोड़फोड़ करते नजर आए। वही इस संबंध में जानकारी पर पूर्व प्रधान दीपू चंदेल ने बताया कि घटना के समय वह घर पर मौजूद थे। फोन पर उनकी एसएसओ से बात हुई थी। षड्यंत्र के तहत उन्हें व उनके बेटे को फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि मामले में आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल करते हुए कार्रवाई की जा रही है।

## रामगंगा नहर में नहाते समय डूबा युवक, मौत

**बिधनू।** बिधनू थानाक्षेत्र अंतर्गत मंगलवार सुबह रामगंगा नहर में नहाने गए एक 18 वर्षीय युवक की डूबकर मौत हो गई। युवक अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था, जहां अचानक गहराई में जाने से वह डूब गया। दोस्तों ने ग्रामीणों को बुलाया, करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाला गया। मौजूद लोग उसे सीएचसी बिधनू ले गये। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने जांच करने के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान घाटमपुर के राहा गांव निवासी राज (18) के रूप में हुई है।

मंगलवार सुबह राज घर पर बिना बताए अपने दोस्तों के साथ करसुई पुल के पास स्थित रामगंगा नहर में नहाने चला गया। नहाने के दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नहर की गहराई में समा गया। यह देख दोस्तों ने शोर मचाया और ग्रामीणों से मदद मांगी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने स्थानीय संसाधनों से खोजबीन शुरू की और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद युवक को नहर से बाहर निकाला। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिधनू ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अवैध मिट्टी खनन मामले में की जांच

संवाददाता, चौबेपुर


मौके पर पहुंच कर निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र कुकरादेव व शादीपुर गांव के मध्य यूपीसीडा द्वारा अधिग्रहित भूमि पर बीते दिनों किए गए मिट्टी के अवैध खनन के मामले में मंगलवार को विभागीय अधिकारियों व राजस्व टीम ने मौके पर जाकर जांच की। मामला सही पाए जाने पर विभाग के अवर अभियंता ने मामले की तहरीर दी है। वहीं राजस्व टीम द्वारा प्रेषित जांच जिलाधिकारी को भेजी जायेगी।

क्षेत्र के कुकरादेव व शादीपुर गांव के मध्य यूपीसीडा द्वारा अधिग्रहित भूमि पर बीते दिनों खनन माफिया ने बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध खनन किया था। इसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा विभागीय अधिकारियों को दी गई थी। इधर मंगलवार को यूपीसीडा के अधिकारी व राजस्व विभाग की टीम मामले की जांच के लिए मौके पर पहुंची। यहां खनन का मामला सत्य पाए जाने पर यूपीसीडा के अवर अभियंता ने अज्ञात लोगों के खिलाफ बिठूर थाने में तहरीर दी।

Admission Open
BIU Bareilly International University
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
● BBA (Finance & Taxation) ● B.Com (H)
● BCA (IT & Multimedia)
PG Programs
● MBA ● M.Com. ● MCA
● MPH ● MHA
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## सार-संक्षेप

### मेडिकल कॉलेज का प्रोजेक्ट टॉप-9 में

**कानपुर।** अमेरिकन एकेडमिक ऑफ पीडियाट्रिक की तरफ से प्रतिवर्ष आई कैप ग्रांट स्पॉंसर की जाती है, जिसमे सभी देशों से प्रोजेक्ट भेजे जाते है। इस वर्ष 2024-2025 में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से बाल रोग विभाग की तरफ से एक प्रोजेक्ट सबमिट किया था। अमेरिकन एकेडमिक में भेजे गए 300 से अधिक प्रोजेक्ट में से केवल नौ प्रोजेक्ट का चयन होना था। इस टॉप 9 में जीएसवीएम के प्रोजेक्ट का चयन हो गया है। प्राचार्य प्रो .संजय काला ने बताया कि इस प्रोजेक्ट को कानपुर देहात की गजनेर सीएचसी को दिया जाएगा, जहां पर मां को बच्चे में होने वाली बीमारियों के लक्षण बताकर उनको जागरूक किया जाएगा। साथ ही एक सेंसर युक्त डिवाइस भी बच्चे को लगाई जाएगी, जो बीमारी का संकेत देगी। सप्ताह में तीन बार बच्चे के स्वास्थ्य बारे में जानकारी ली जाएगी। डॉ. तनु मिट्ठा, कानपुर देहात सीएमओ डॉ .एके सिंह, कानपुर देहात सीडीओ लक्ष्मी ने प्रोजेक्ट में सहयोग का आश्वासन दिया है।

### शिया धर्म गुरु मौलाना सैफ अब्बास आज मकनपुर में

**बिल्हौर।** शिया धर्म गुरु और शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नकवी आज बिल्हौर तहसील क्षेत्र के मकनपुर पहुंचेंगे। मकनपुर स्थित शिफाहत इमाम बारगाह में हज़रत इमाम हुसैन की याद में एक मजलिस का आयोजन किया जा रहा है। इस मजलिस में दूर-दराज से शायर और मौलाना तशरीफ ला रहे हैं। मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नक़वी भी मजलिस में खिताब फरमाएंगे और इमाम हुसैन की जीवनी पर प्रकाश डालेंगे।

### व्यवसायी मुकेश गुप्ता के निधन पर शोक की लहर

**बिल्हौर।** उत्तरीपूरा कस्बे के प्रमुख व्यवसायी और राइस मिलर मुकेश गुप्ता का आज दोपहर एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले लगभग दो महीने से एक गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उनके निधन की खबर से पूरे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई है। लोगों ने बताया कि वे सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते थे और उनकी छवि एक मृदुभाषी और मददगार व्यक्ति के रूप में थी। उनके निधन पर राजनीतिक, सामाजिक और व्यावसायिक संगठनों से जुड़े लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उनका अन्तिम संस्कार बुधवार को खेरेश्वर गंगा घाट पर किया जाएगा।

### चबूतरे पर मिला अज्ञात युवक का शव

**बिठूर।** थाना क्षेत्र के बहलोलपुर मंधना में मंगलवार सुबह राजेश द्विवेदी के घर के चबूतरे पर युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पाकर मंधना पुलिस मौके पर पहुंची। काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नही हो पाई। उसके शरीर पर हल्के नीले रंग की चेकदार शर्ट और भूरे मटमैले रंग की पैंट थी।

### ट्रक चालक ने ट्रेन से कटकर दी जान

**घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी 35 वर्षीय रामसिंह गोस्वामी पुत्र कृष्ण कुमार अविवाहित था। वह ट्रक चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मंगलवार सुबह युवक घर से नाश्ता करके ड्यूटी पर जाने को कहकर निकला था। कुछ देर बाद युवक ने कानपुर बांदा रेलवे लाइन पर ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी। लोको पायलट ने घटना की सूचना पतारा स्टेशन मास्टर को दी। जानकारी मिलते पतारा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने पुलिस को बताया कि युवक घर से सुबह नाश्ता करने के बाद ड्यूटी जाने को कहकर निकला था। इसके बाद युवक ने ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी।

### वृद्धा ने आग लगाकर की आत्महत्या

**चौबेपुर।** खरगपुर गांव निवासी राजकुमारी (70) घर में आए दिन होने वाली कलह के चलते परेशान रहती थीं। उसका बेटा फर्नीचर का काम करता है। सोमवार देर शाम घर में रखा थिनर लेकर राजकुमारी खेत पर पहुंची और शरीर पर छिड़क कर आग लगा ली। जानकारी पर पहुंचे घर वाले उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि वृद्धा द्वारा की गई आत्महत्या की पड़ताल कराई जा रही है।

## कुड़नी मंदिर में दर्शन करने को उमड़े श्रद्धालु ...



**घाटमपुर।** घाटमपुर के साढ़ क्षेत्र में स्थित ऐतिहासिक प्राचीन कुड़नी मंदिर में मंगलवार को हजारों भक्तों का तांता लगा रहा। ऐसी भीषण गर्मी में भक्तों को दर्शन करने के लिए अत्यधिक संघर्ष करना पड़ा लेकिन फिर भी देर रात तक लोगों की भीड़ बढ़ती ही रही। कुड़नी मंदरि में दर्शन करने के लिये मंगलवार को भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हालांकि भक्तों को इसके लिये कठिन संघर्ष करना पड़ा। भक्तों के दर्शन के लिए शासन प्रशासन की तरफ से कोई व्यवस्था नहीं की गई थी न ही सुरक्षा की दृष्टि से को व्यवस्था की गई थी। भक्त धक्का मुक्की करते हुए आगे बढ़ रहे थे। वहीं साढ़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार से जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने बताया कि इतनी भीड़ होने की संभावना नहीं थी जानकारी मिलते ही दरोगा और सिपाहियों को भेजा गया है। ● अमृत विचार

# पौधे रोपे और गंगा घाट से उठाया कूड़ा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर


गंगा तट पर सफाई करते डॉ. हेमंत मोहन व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आरएसएस के वरिष्ठ प्रांत अधिकारी एवं भूतपूर्व प्रधानाचार्य स्वर्गीय रेवती रमण मोहन की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर शहर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। आरोग्य धाम के तत्वावधान में उनके परिजनों और शिष्यों ने मैग्जीन घाट पर सफाई की और लोगों को गंगा की निर्मलता के लिए संकल्प दिलाया। जगह- जगह पौधरोपण के साथ ही मरीजों को फल का वितरण किया गया।

ग्वालटोली स्थित आरोग्यधाम में लस्सी का वितरण किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। आरोग्य धाम की संस्थापिका पुष्पा मोहन ने कहा कि हमें गंगा को निर्मल बनाने के लिए संकल्प लेना चाहिए। घाटों पर कूड़ा , कचरा फेंकने से बचना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े महेश मिश्रा ने कहा कि स्व. आरआर मोहन ने समाज के हित के लिए आजीवन कार्य किया। उन्होंने अपनी कविताओं से पर्यावरण संरक्षण, गंगा संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस अवसर पर उर्सला अस्पताल में मरीजों को फल बांटे गए। कार्यक्रम में डॉक्टर हेमंत मोहन, डॉ. आरती मोहन, उमा शर्मा, कृष्णा दीक्षित, एस मिश्रा, श्रुति शर्मा, कान्हा शर्मा, समीर शुक्ला , अमित मिश्रा, रमा शर्मा, एडवोकेट रामकिशन, दिनेश कुमार आदि रहे।

Admission Open
BIU Bareilly International University
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
● BA (Mass Comm.) ● BA (Journalism)
PG Programs
● MA (Mass Comm) ● MA (Journalism)
● MA (English) ● MA (Psychology)
● MA (Sociology) ● MA (Pol. Science)
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

सराहनीय पहल | प्रत्येक ब्लाक मे बनेंगे अटल वन ,पौधरोपण के बाद जिले के अधिकारी लेंगे गोद

# 10 ब्लाकों में 15 लाख पौधों का होगा रोपड़

अभय प्रताप सिंह,बिल्हौर

अमृत विचार। कानपुर जिले के सभी दस ब्लॉकों में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के तहत लगभग 15 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। यह व्यापक पौधरोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। डीसी मनरेगा चन्द्र मोहन कन्नौजिया ने बताया कि सभी ब्लाकों को लक्ष्य दिया गया है और तय समय पर मनरेगा के कार्य को कराया जाएगा तथा गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पौधरोपण कराया जाएगा ।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

### अभियान का विवरण

- यह महत्वपूर्ण पहल कानपुर के सभी ब्लॉकों, जिनमें बिल्हौर, भीतरगांव, घाटमपुर, चौबेपुर, शिवराजपुर, ककवन, सरसौल, बिधनू, पतारा और कल्याणपुर शामिल हैं, में क्रियान्वित की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जाएंगे, जिनमें फलदार पौधे, छायादार पौधे और औषधीय पौधे शामिल होंगे। इन पौधों के रोपण से न केवल हरित आवरण बढ़ेगा, बल्कि जैव विविधता को भी बढ़ावा मिलेगा।

### मनरेगा की भूमिका

- मनरेगा के तहत होने वाला यह पौधरोपण कार्य ग्रामीण श्रमिकों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगा। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन को रोकने में भी मदद मिलेगी। श्रमिकों को पौधों की खुदाई, रोपण, सिंचाई और देखभाल जैसे कार्यों में लगाया जाएगा, जिससे उन्हें नियमित आय प्राप्त होगी।

### पर्यावरणीय लाभ

- इस अभियान से कानपुर जिले में हरियाली का विस्तार होगा, जिससे वायु प्रदूषण कम होगा और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को संतुलित करने में मदद मिलेगी। पेड़-पौधे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर ऑक्सीजन छोड़ते हैं, जिससे हवा की गुणवत्ता में सुधार होता है। ये भूजल स्तर को बढ़ाने और मिट्टी के कटाव को रोकते हैं।

### सामुदायिक भागीदारी

- इस परियोजना की सफलता के लिए स्थानीय समुदाय की भागीदारी भी महत्वपूर्ण होगी। ग्राम पंचायतों और स्वयं सहायता समूहों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा ताकि वे पौधों की देखभाल और उनके संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभा सकें। जन जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे ताकि लोग वृक्षारोपण के महत्व को समझें और इसमें अपना योगदान दें। कानपुर जिला प्रशासन ने इस महत्वाकांक्षी योजना को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं, और जल्द ही यह वृक्षारोपण अभियान बड़े पैमाने पर शुरू किया जाएगा।

### हर ब्लाक में स्थापित होंगे अटल वन

- कानपुर के सभी दस ब्लाकों मे अटल को स्थापित किया जाएगा जिसको जिले के अधिकारी गोद लेकर सरंक्षित करेगें ककवन ब्लाक मे विश्वामित्र धाम मे अटल वन तैयार किया जाएगा एपीओ शिशिर कुमार ने बताया कि लगातार अटल वन को बनाने के लिए तैयारी की जा रही है और इस बार पौधरोपण के बाद उनको सरंक्षित भी प्रमुख रूप से किया जाएगा तथा अटल वन मे अमरूद ,नीबू ,कंजी ,सहजन ,आदि के पौधे रोपित किए जाएंगे।



| ब्लाक | पौधे |
|---|---|
| भीतरगाँव | 1.89 लाख |
| बिल्हौर | 1.70 लाख |
| चौबेपुर | 1.45 लाख |
| घाटमपुर | 1.90 लाख |
| ककवन | 70 हजार |
| कल्यानपुर | 1.16 लाख |
| पतारा | 1.3 लाख |
| सरसौल | 1.53 लाख |
| शिवराजपुर | 1.59 लाख |
| बिधनू | 1.48 लाख |

# जिले के कई क्षेत्रों में बरसात, मक्का की फसल को नुकसान, धान नर्सरी को लाभ

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिले के कई क्षेत्रों में मंगलवार को जोरदार बारिश हुई। इसके चलते मक्का की फसल पर संकट बढ़ने लगा है। कई क्षेत्रों में जलभराव जैसे हालात पैदा हो गए।

मंगलवार सुबह के समय आसमान में बादल छाए रहे। वहीं दोपहर के समय अकबरपुर समेत सरवनखेड़ा, बारा, जैनपुर आदि जगहों पर बारिश हुई। इसके चलते खेतों में पानी भर गया, लेकिन शाम को फिर से आसमान खुलने के बाद धूप निकलने से उमस भरी गर्मी ने बेहाल कर दिया। जिससे लोग पसीना-पसीना हो गए। वहीं बीती 19 जून से रुक-रुककर हो रही बारिश से मक्का किसानों के चिंता बढ़ गई है। जबकि धान की खेती करने वाले किसान खुश नजर आ रहे हैं। किसानों का कहना है कि धान की नर्सरी के लिए यह बारिश बहुत ही लाभकारी है। इसके साथ ही धान की खेती करने वाले किसान अपने खेतों की तैयारी में जुट गए हैं। पिछले कई दिनों से हो रही बारिश के चलते सोमवार को अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। वहीं न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दक्षिण-पूर्वी हवाएं पांच किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलती रहीं। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग ने आगामी 30 जून तक तेज हवाओं व गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई है।


बारिश के बीच हाईवे पर गुजरते वाहन।

### शुरुआती बारिश में ही बढ़ने लगी परेशानी

मानसून की दस्तक ने गर्मी से तो राहत दिला दी है, लेकिन लोगों के लिए परशानी खड़ी कर दी है। कच्ची गलियों में दलदल हो रहा है। जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ रही है। दिक्कत तब और बढ़ जाती है जब जिम्मेदार समस्या से निजात दिलाने के बजाए अनदेखी करते हैं। बारिश से हुए कीचड़ व जलभराव से सबसे अधिक समस्या स्कूल जाने वाले बच्चों को होती है।

# सेंगुर में डूबे युवक का दो दिन बाद भी सुराग नहीं

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** फत्तेपुर गांव के पास दोस्तों के साथ रविवार को सेंगुर नदी के चेकडैम में नहाने के दौरान डूबे एक युवक का शव एसडीआरएफ ने सोमवार को बरामद कर लिया था। वहीं दूसरे युवक का दो दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। एसडीआरएफ के बाद अब तलाश के लिए एनडीआरएफ की टीम बुलाई गई है। मौके पर पहुंचे राज्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।

बता दें कि डेरापुर तहसील क्षेत्र के फत्तेपुर निवासी दीपक (27) व जरौली गांव निवासी रोहित (21) अपने अन्य दोस्तों के साथ रविवार दोपहर गांव के पास सेंगुर नदी के चेकडैम में नहाने गया था। इसी दौरान तीन युवक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। जिसपर आसपास मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक युवक को बचा लिया था। जबकि दीपक व रोहित का कोई सुराग नहीं लग सका। सूचना पर डेरापुर एसडीएम भूमिका यादव, थाना प्रभारी महेश कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थे। स्थानीय गोताखोरों की तलाश के बावजूद युवकों का पता नहीं चल सका था। इसपर एसडीआरएफ टीम को बुलाकर तलाश शुरू कराई गई थी। घटना के करीब बीस घंटे बाद सोमवार को एसडीआरएफ ने रोहित का शव सेंगुर नदी से बरामद किया था। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शाम को शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। वहीं दो दिन बीत जाने के बावजूद दीपक का कोई सुराग नहीं लग पाया है। वहीं मंगलवार को लखनऊ से एनडीआरएफ के प्लाटून कमांडर जितेंद्र प्रताप सिंह की अगवाई में पहुंची टीम ने सेंगुर नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। दोपहर में प्रदेश के इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल ने मौके पर जाकर एसडीएम डेरापुर भूमिका यादव व तहसीलदार जितेंद्र दुबे से घटना के बावत जानकारी ली। उन्होंने युवक की तलाश में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। वहीं दो दिन बाद भी दीपक का पता न चलने पर उसकी पत्नी अंकिता, बेटा अनमोल, भाई सुमित, अमित का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।


सेंगुर में डूबे युवक की तलाश करती एनडीआरएफ टीम। अमृत विचार


मौके पर बचाव कार्य का जायजा लेते राज्यमंत्री अजीत पाल सिंह। अमृत विचार

# हाईवे किनारे 25 अस्थायी दुकानों पर चला बुलडोजर

## एलीवेटेड ओवरब्रिज निर्माण में बाधा पर शुरू हुई कार्रवाई, ढाई साल पहले से 117 मकान-दुकानों हटाने का जारी हो चुका नोटिस

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार।** औद्योगिक रनियां में एलीवेटेड ओवरब्रिज निर्माण में बाधक बनी हाईवे किनारे दुकानों को हटाने का काम शुरू हो गया है। मंगलवार को एनएचएआई ने एसडीएम, तहसीलदार, एनएचएआई टीम व भारी पुलिस के साथ करीब 25 अस्थायी दुकानों को बुलडोजर की मदद से हटवा दिया। हालांकि कुछ दुकानदारों ने विरोध का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत करा दिया।

बता दें कि कानपुर-इटावा व झांसी को जोड़ने वाला नेशनल हाईवे रनियां नगर पंचायत से होकर गुजरता है। हाईवे के दोनों ओर घनी आबादी है और हर रोज हजारों लोगों का आवागमन होता है। दुकानों के अतिक्रमण के कारण हाईवे पर रास्ता संकरा हो गया है। जिसके चलते आए दिन हादसे होते और लोगों की जान चली जाती। जिसको लेकर पूर्व में ओवरब्रिज निर्माण की मांग उठाई गई थी। जिसको लेकर कई बार एनएचएआई की ओर से हाईवे का सर्वे किया जा चुका है। वहीं एनएचएआई की ओर से दिल्ली मुख्यालय प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है, लेकिन दुकानों का अतिक्रमण होने के कारण एलीवेटेड ओवरब्रिज निर्माण में बाधा आ रही थी। करीब ढाई साल से एनएचएआई के अधिकारी 117 मकान व दुकानों को हटाने का नोटिस दे रहे हैं, लेकिन हालात जस के तस बने हुए थे।

मंगलवार को एसडीएम सदर अवनीश कुमार, तहसीलदार पवन कुमार, एनएचएआई के राजस्व अधिकारी लक्ष्मी नारायण शुक्ला, डीपीएम आलोक सिंह, बारा टोल जीएम मनोज शर्मा समेत अकबरपुर कोतवाली, रनियां थाना व महिला पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर से दुकानों को हटाने का काम शुरू किया गया।

इस दौरान हाईवे किनारे अस्थायी रूप से बनी फुटकर मीट, फल, सब्जी, पेय पदार्थ समेत करीब 25 दुकानों को हटवाया गया। वहीं टीनशेड में रखी दुकानें करीब 200 मीटर तक हटवाई गई। वहीं मिठाई दुकानों के आगे लगे टीनशेड को भी ध्वस्त कर दिया गया। डीपीएम आलोक सिंह ने बताया कि एलीवेटेड ओवरब्रिज निर्माण को लेकर अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू हो गया है। इस दौरान रनियां लेखपाल सचिन गौतम, बारा लेखपाल रितिका पांडेय, कानूनगो अजय सिंह, उमरन लेखापाल प्रदीप गौर समेत पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।


रनियां में नाले पर अतिक्रमण ढहाता बुलडोजर। अमृत विचार



दुकानदार को समझाकर अतिक्रमण स्थान से ले जाते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

### पक्के मकानों को गिराने का अल्टीमेटम जारी

- रनियां कस्बा में एलीवेटेड ओवरब्रिज निर्माण को लेकर अस्थायी और पक्के निर्माण को हटाने का काम जिला प्रशासन की ओर से शुरू कर दिया गया है। डीपीएम आलोक सिंह ने बताया कि मंगलवार को रनियां में हाईवे किनारे नाले के ऊपर रखी टट्टर की दुकानों और दुकानों के बाहर लगे टीनशेड हटाए गए हैं। पक्के मकान गिराने से पहले मकान स्वामियों को अवगत करा दिया गया है कि वह सामान हटा ले। इसके बाद प्रशासन की तिथि पर पक्के मकान के कब्जे हटाए जाएंगे।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

संवाददाता, सिकंदरा

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के बिरहाना ओवरब्रिज पर बाइक सवार को वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जनपद औरैया के कस्बा निवासी निर्मल कुमार पांडेय (30) मंगलवार को रनियां में अपने रिश्तेदार के यहां बाइक से जा रहे थे। तभी सिकंदरा थाना क्षेत्र के बिरहाना ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस की मदद से सीएचसी सिकंदरा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने निर्मल को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी तो कोहराम मच गया। बताया जा रहा कि मृतक निर्मल की दो माह पहले ही शादी हुई थी और दुल्हन की हाथों की मेहंदी भी नहीं छूट पाई कि हादसा हो गया। इस संबंध में सिकंदरा थाना प्रभारी हरिओम त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


निर्मल कुमार।

# भज्जापुर में सरकारी भूमि पर कब्जे की शिकायत

**कानपुर देहात।** भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के भज्जापुर में ग्राम समाज की भूमि पर तो रहे अवैध कब्जे को लेकर जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग की गई है। मंगलवार को भज्जापुरवा के अजीत कुमार, शिव कुमार समेत अन्य ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया है कि गांव की सरकारी भूमि गाटा संख्या पांच स्थित मजरा टोडरपुर में प्राचीन दुर्गा माता का मंदिर है। जहां ग्रामवासी पूजापाठ व धार्मिक आयोजन करते हैं। मंदिर से लगी हुई सरकारी भूमि गाटा संख्या पांच जो आम रास्ते के रूप में प्रयोग होती है। उसी से लगा जूनियर विद्यालय है। इसी भूमि पर गांव के ही दबंग लोग कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। पूर्व में शिकायत पर एसडीएम ने कानूनगो, लेखपाल व पुलिस बल द्वारा निर्माण कार्य रुकवा दिया था और भविष्य में निर्माण कार्य न करने की हिदायत दी थी, लेकिन दबंग फिर से निर्माण करा रहे हैं। लोगों ने जब 20 जून को कार्य पर रोका तो दबंगों ने गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी दी।


डीएम से शिकायत करने जाते भज्जापुर के ग्रामीण।

# प्रतिबंध पर मछली पकड़ने में चार गिरफ्तार

संवाददाता राजपुर

- यमुना नदी के खरका घाट पर किया शिकार, दो आरोपी फरार

**अमृत विचार।** रोक के बावजूद अवैध तरीके से यमुना नदी में मछली का शिकार कर लोडर मे लाद रहे चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि दो आरोपी मौके से फरार हो गए। मत्स्य विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी मे दो क्विंटल मछलियों की नीलामी की गई। पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

राजपुर थानाध्यक्ष कालीचरन कुशवाहा ने बताया कि अपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए वह सोमवार रात थाना क्षेत्र के खरतला मोड़ पर पुलिस बल के साथ संदिग्धों की चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि खरका घाट पर यमुना नदी से कुछ लोग अवैध तरीके से मछली का शिकार कर लोडर में लादकर कहीं बेचने जा रहे हैं। जिसपर वह तत्काल मौके पर पहुंचे तो कुछ लोग एक लोडर में थर्माकोल बॉक्स में मछली व बर्फ भरकर रख रहे थे। जिसपर पुलिस ने मौके पर मिले तीन लोगों से पूछताछ की। उन्होंने अपना नाम सुनील कुमार निवासी जरी किशुनपुर थाना राजपुर, अभिषेक निषाद निवासी खरका थाना राजपुर व पप्पू निवासी शेरपुर गुढ़ा थाना कालपी जनपद जालौन बताया। वहीं लोडर चालक ने अपना नाम आजाद सिंह निवासी खरका बताया है। आरोपियों ने बताया कि वह लोग अमर सिंह निवासी खरका व असलम उर्फ टेंगन निवासी कालपी के साथ मिलकर रात के समय मछली पकड़ते हैं और बेंचते है, जो पैसा मिलता है उसे बराबर बांट लेते। वहीं लोडर चालक को भाड़े का पैसा देते हैं। पुलिस को देख दो आरोपी लोग फरार हो गए। वहीं आरोपी मछली पकड़ने का वैध लाइसेंस भी नहीं दिखा पाए। जिसपर पुलिस मछली से भरे बॉक्स व लोडर थाने लाई और सूचना जिला मत्स्य अधिकारी को सूचना दी। मौके पर पहुंचे मत्स्य अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि पकड़ी गई मछली भारतीय मेजर कार्प प्रजाति की रोहू/कामन कार्प है। इनका शिकार जून, जुलाई व अगस्त माह में पूर्णतया प्रबंधित है। मत्स्य अधिकारी व थाना पुलिस की मौजूदगी में दो क्विंटल मछली की नीलामी की गई। थानाध्यक्ष कालीचरन कुशवाहा ने बताया कि छह लोगों के विरुद्ध भारतीय मत्स्य क्षेत्र अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। लोडर को सीज किया।


लोडर में भरी मछलियों के बारे में जानकारी लेते मत्स्य अधिकारी।

**अव्यवस्था** | कानपुर जाने के लिए प्रमुख मार्ग, कई जिलों के लोग करते आवागमन

# शिवली-कल्याणपुर रोड पर गड्ढों से हादसे का खतरा

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** कल्याणपुर-शिवली मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे हो गए है। बरसात के समय इन गड्ढों से बड़ा हादसा होने की आशंका ग्रामीण जता रहे हैं। इस सड़क से कानपुर जाने के लिए आसपास के गांवों के अलावा कई जिलों के लोग उपयोग करते हैं।

प्रमुख जिला मार्ग शिवली-कल्यानपुर पर रोड पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं। बरसात के दिनों में इन गड्ढों में पानी भर जाता है। मालूम हो कि प्रमुख जिला मार्ग की 17 किलोमीटर सड़क पर बड़ी संख्या में कानपुर के लिए वाहनों का आना जाना रहता है। इसके बावजूद इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस सड़क से कानपुर कल्याणपुर जाने के लिए आसपास के करीब आधा सैकड़ा गांवों के लोगों के अलावा कई जिलों के लोग उपयोग करते है। इसके बावजूद अधिकारी मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। और इसका खामियाजा यहां से गुरजने वाले राहगीरों को उठाना पड़ता है।


क्षतिग्रस्त शिवली-कल्याणपुर मार्ग। अमृत विचार

### बारिश के बाद कराएंगे काम

पीडब्ल्यूडी खंड-1 के एई आरके राय ने कहा कि शिवली-कल्याणपुर सड़क पर गड्ढों की जानकारी है। बरसात के बाद पेच बनवाए जाएंगे।

### कभी भी हो सकता है हादसा : पंकज



बरार निवासी पंकज पाल ने कहा कि कल्याणपुर-शिवली रोड पर गड्ढों के चलते किसी भी समय हादसा हो सकता है। समय से इन्हें ठीक कराया जाना चाहिए। ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके।

### बारिश में भरेगा पानी : रामशरण



शिवली निवासी रामशरण तिवारी ने कहा कि गड्ढों की मरम्मत न होने से बारिश के मौसम में पानी भर जाएगा। जिससे आवागमन में दुर्घटना की आशंका रहेगी। जबकि मार्ग काफी व्यस्त रहता है, सारा दिन इससे वाहन गुजरते हैं।

### अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान : सुमित



मलिकपुर निवासी सुमित मिश्रा ने कहा कि बरसात के पहले से गड्ढों को भराए जाने की मांग की जा रही थी, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। बारिश के दौरान लोगों को निकलने में खासी मुश्किले होंगी।

### सड़कों पर गड्ढे बने ही रहते हैं : महंत विनोद



नहरीबरी हनुमान मंदिर के महंत विनोद मिश्रा ने कहा कि सरकार के निर्देश पर गड्ढा मुक्ति का अभियान तो चलाया जाता है, सड़कों पर गड्ढे बने ही रहते है। इसपर कोई भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं देता, और लोगों को समस्याएं होती हैं।

# राज्य स्तरीय प्रकृति मित्र से कृष्ण बिहारी सम्मानित

**शिवली।** बेसिक शिक्षा विभाग एवं मिशन शिक्षण संवाद बरेली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रकृति मित्र राज्य स्तरीय कार्यशाला में मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय सरैया लालपुर मैथा के सहायक अध्यापक कृष्ण बिहारी अग्निहोत्री को राज्य स्तरीय प्रकृति मित्र शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया।

बता दें कि प्रदेश के 83 शिक्षकों और उत्तराखंड के 14 शिक्षकों को प्रकृति को हरा-भरा और मानव उपयोगी बनाने के लिए, विद्यालय एवं समाज में किए गए सकारात्मक कार्यों के लिए यह सम्मान प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के वन और पर्यावरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बरेली रश्मि पटेल समेत शिक्षा विभाग से सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) मंडल बरेली अजीत कुमार, बीएसए बरेली संजय सिंह आदि थे।

## सार-संक्षेप

### पति ने प्रेमी के साथ कराई पत्नी की शादी

**रसूलाबाद (कानपुर देहात)।** भग्गा निवादा मजरा भीतरगांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी का उसके प्रेमी से मंदिर में पुलिस व गांव के चंद लोगों के सामने विवाह करवा दिया और समझौता नामा लिखकर उससे संबंध तोड़ लिए। उसका विवाह लगभग 12 वर्ष पूर्व हुआ था और उसके एक 10 वर्ष का पुत्र है। भग्गा निवादा निवासी युवक का विवाह लगभग 12 वर्ष पूर्व तिस्ती निवासी युवती के साथ हुआ था। उसके एक पुत्र भी है किंतु युवती का अपने प्रेमी खैर नगर कन्नौज निवासी युवक से संबंध बना रहा और वह कई बार गांव आया गया। इन स्थितियों के चलते भीतरगांव निवासी के पिता व माता यहां से गांव छोड़कर रनियां में रहने लगे। कुछ दिन पूर्व युवती अपने घर से काफी सामान लेकर सोमवार को अपने मायके गई और वहीं से अपने प्रेमी के साथ ससुराल भग्गा निवादा आई। इन स्थितियों के चलते लोगों ने प्रेमी को पकड़ने का प्रयास किया किंतु वह भाग गया। बाद में किसी तरह उसको पकड़ा गया और उसके द्वारा कोई घटना अंजाम दिए जाने की आशंका से युवक ने उसका विवाह अपनी पत्नी से मंदिर में पुलिस एवं गांव के चंद वाले लोगों के सामने करवा दिया। इस संबंध में यवती ने समझौता नामा लिखकर दे दिया है कि उसका उसके पति से कोई संबंध नहीं है वह चाहे तो अपनी दूसरी शादी कर सकता है।

### भाजपा की आपातकाल पर गोष्ठी आज

**कानपुर देहात।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से आज सुबह 11 बजे शुक्ला गेस्ट हाउस बरौर में आपातकाल पर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान समारोह होगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री कमलावती सिंह और विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष औरैया श्रीकांत पाठक रहेंगे। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा ने दी है।

### मारपीट कर रहा आरोपी तमंचा समेत गिरफ्तार

**सिकंदरा।** थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध तमंचा समेत गिरफ्तार किया है। करीमनगर निवासी प्रदीप मिश्रा ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसका चचेरा भाई अनिल मिश्रा शराब पीकर आए दिन गालीगलौज व लड़ाई-झगड़ा पर आमादा हो जाता है। मंगलवार की सुबह भी अनिल शराब पीकर आया और गालीगलौज कर रहा था। इसी दौरान अवैध तमंचा निकालकर मारपीट करने लगा। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अनिल मिश्रा को अवैध तमंचे सहित गिरफ्तार किया।

### राजपुर उपकेंद्र से आज पांच घंटे बिजली कटौती

**राजपुर।** राजपुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़े सभी दस फीडरो में आज पांच घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। जेई प्रवीण मिश्रा ने बताया कि उपकेंद्र आने वाली 33 केवी लाइन जंगलों के बीच से गुजरती है। पेड़ों की टहनियों की छटाई के अलावा 33 केवी की लाइन में ब्रेकर कार्य के चलते दोपहर 12 बजे से शाम पांच बजे तक आपूर्ति बंद रहेगी।

### छात्रवृत्ति के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**कानपुर देहात।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी पवन कुमार सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग के पूर्वदशम (कक्षा 9-10) तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत कक्षा 11-12 के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति भुगतान के लिए समय-सारिणी जारी की गई है। जिसके अनुसार शिक्षण संस्थाओं द्वारा मास्टर डाटा में सम्मिलित होने के लिए एक जुलाई से 5 अक्टूबर तक ऑनलाईन आवेदन किया जाना है। डीआईओएस द्वारा शिक्षण संस्थाओं का सत्यापन 2 जुलाई से 15 अक्टूबर तक किया जाएगा। वहीं अल्पसंख्यक वर्ग के लिए एनएसपी पोर्टल पर पंजीकृत निजी संस्थाओं की मार्किंग अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा दिनांक 2 जुलाई से 14 दिसंबर तक किया जाना है।

### ऐतिहासिक धरोहर के आसपास अतिक्रमण

**कानपुर देहात।** अकबरपुर नगर पंचायत जहां एक ओर नगरीय क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त व सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दे रहा है। वहीं ऐतिहासिक स्थलों के आसपास हो रहे अवैध अतिक्रमण पर जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। नगर पंचायत के आंबेडकर नगर वार्ड स्थित मुगलकालीन शुक्ल तालाब गेट के ठीक सामने व आसपास दुकानदारों ने अवैध अतिक्रमण कर रखा है। जिससे वहां आने वाले लोगों को वाहन पार्किंग में दिक्कत होती है। साथ ही तालाब गेट के सामने से निकले मार्ग से दर्जनों गांव के लोगों को हर रोज जाम से गुजरना पड़ता है।

### कृषि महकमे में तिरपाल बिक्री का गड़बड़झाला

**कानपुर देहात।** जनपद के कृषि महकमे में गड़बड़झाला की आशंका पर किसान अधिकारियों पर सवाल खड़े कर रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत के चलते निजी बीज भंडार संचालक मनमाने तरीके से तिरपाल बिक्री का बिल काटकर सत्यापन के लिए राजकीय बीज भंडार प्रभारी को भेज देते हैं। प्रभारी इनका नियम विरूद्ध सत्यापन कर भुगतान के लिए जिलास्तरीय को भेजते हैं। यहां हर पटल पर नियमों को दरकिनार कर बिलों का हजारों रुपये का भुगतान कर दिया जाता है।

